Discover your divinity with us
A/C Showroom
ज्ञान गंगा ॐ मूर्ति माला केन्द्र
उजाला भवन स्टेशन रोड, दुर्ग
0788-4030383, 3293199
भगवान के वस्त्र, श्रृंगार मूर्तियां एवं समस्त पूजन सामग्री संगमरमर व पीतल की मूर्तियां राशि रत्न एवं उपरत्न उपलब्ध

राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक ख़बरों के साथ

श्री
दुर्ग शहर में
सुप्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य
माँ दुर्गा उपासक मां बगुलामुखी, माँ कामख्या, माँ भद्रकाली, माँ शतचंडी की असीम कृपा साधना द्वारा समस्त समस्याओं का मार्ग दर्शन हेतु
पं. एम.पी. शर्मा/
मो. 8109922001
फीस 251/- मात्र
पताः- श्री दुर्गा ज्योतिष कार्यालय सिकोला भाठा, सब्जी मार्केट के सामने, धमधा नाका, दुर्ग

वर्ष 14, अंक 313 | पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रूपये | दुर्ग, मंगलवार 23 सितम्बर 2025 | www.samaydarshan.in

## संक्षिप्त समाचार

### पाक की नापाक हरकत- फिर किया सीजफायर का उल्लंघन

**श्रीनगर।** पाकिस्तानी सेना ने शनिवार शाम उत्तरी कश्मीर के नौगाम सेक्टर (कुपवाड़ा) में बिना उकसावे के सीजफायर उल्लंघन करते हुए गोलाबारी की। यह घटना भारत-सऊदी अरब रक्षा समझौते के ठीक एक दिन बाद हुई। भारतीय सेना ने भी मुंहतोड़ जवाब दिया और दुश्मन की एक निगरानी चौकी को भारी नुकसान पहुंचाया। सूत्रों के अनुसार, शाम करीब साढ़े पांच बजे पाकिस्तान की ओर से नौगाम सेक्टर के तूतमार गली इलाके में भारतीय चौकियों पर गोलीबारी की गई। शुरू में भारतीय सेना ने संयम बरता, लेकिन जब गोलाबारी तेज हो गई तो जवाबी कार्रवाई की गई। दोनों ओर से करीब 40 मिनट तक भीषण फायरिंग होती रही। इसके बाद रात साढ़े नौ बजे पाकिस्तानी सैनिकों ने फिर से गोलाबारी की, जिसका भारतीय जवानों ने सख्त जवाब दिया। बताया जा रहा है कि इस दौरान पाकिस्तान की एक चौकी को गंभीर नुकसान पहुंचा। एलओसी के पार इस क्षेत्र को लीपा घाटी कहा जाता है।

### महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे का एक्स अकाउंट हैक

**मुंबई ।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे का एक्स (पूर्व ट्विटर) अकाउंट आज सुबह हैक कर लिया गया। हैकर्स ने अकाउंट से पाकिस्तान और तुर्की के झंडों वाले पोस्ट शेयर किए। कुछ समय बाद ये सभी पोस्ट डिलीट कर दिए गए। शिंदे के कार्यालय की ओर से बताया गया कि तकनीकी टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए अकाउंट को रिकवर कर लिया है। फिलहाल अकाउंट सामान्य रूप से काम कर रहा है। भारत में साइबर अपराध लगातार बढ़ते जा रहे हैं। हर साल देश को इससे हजारों करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है। 2024 में वज़ीरएक्स क्रिप्टो एक्सचेंज से 230 मिलियन डॉलर की हैकिंग, बीएसएनएल का डेटा ब्रीच, और स्टार हेल्थ से 7.24 टीबी डेटा लीक जैसे बड़े मामले सामने आए हैं। इन साइबर हमलों का मुख्य निशाना टेलीकॉम, फाइनेंस, हेल्थकेयर और एनर्जी सेक्टर हैं। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि 2025 में एआई से चलने वाले स्कैम्स और रैनसमवेयर हमलों में और इजाफा हो सकता है।

### सुखबीर बादल ने गुरदासपुर-जालंधर के लिए मक्का साइलेज से भरे 100 ट्रक किए रवाना

**चमकौर।** शिरोमणी अकाली दल के अध्यक्ष सरदार सुखबीर सिंह बादल ने आज पशुओं के चारे के रूप में उपयोग के लिए गुरदासपुर और जालंधर में वितरण के लिए मक्के के साइलेज के 100 ट्रकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना यिा और पार्टी अगले महीने में राज्य भर के बाढ़ प्रभावित 50 हजार गरीब परिवारों को गेंहू वितरित करने की घोषणा की ताकि उन्हें अपने पैरों पर वापिस खड़े होने में सहायता मिल सके। यहां अनाज मंडी में ट्रकों को हरी झंडी दिखाने। के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए अकाली दल अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी के ऑब्जर्वरों ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करके।

---

### जीएसटी सुधारों से बचत को बढ़ावा मिलेगा

# जीएसटी बचत उत्सव से...हर घर में त्योहारों जैसी रौनक आई

**इटानगर/ एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों से बचत को बढ़ावा मिलेगा और समाज के हर वर्ग को सीधे फायदा होगा. उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि 2047 तक विकसित भारत के सामूहिक लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आत्मनिर्भरता के मार्ग पर चलना जरूरी है. देशवासियों के नाम 'एक्स' पर पोस्ट किये गए एक खुले पत्र में, उन्होंने कहा कि 22 सितंबर से अगली पीढ़ी के जीएसटी (माल एवं सेवा कर) सुधार लागू होने के साथ पूरे देश में जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत हो गई है. प्रधानमंत्री ने कहा, इस वर्ष त्योहारों पर हमें एक और उपहार मिल रहा है. इन सुधारों से बचत को बढ़ावा मिलेगा और समाज के हर वर्ग — किसान, महिला, युवा, गरीब, मध्यम वर्ग, व्यापारी, लघु उद्योग, कुटीर उद्योग — को सीधे फायदा होगा. वे अधिक विकास और निवेश को प्रोत्साहित करेंगे तथा प्रत्येक राज्य और क्षेत्र की प्रगति में तेजी लाएंगे. उन्होंने कहा कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसमें मुख्य रूप से 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो श्रेणी (स्लैब) होंगी.मोदी ने पत्र में कहा, खाद्य पदार्थ, दवाइयां, साबुन, टूथपेस्ट, बीमा और रोजमर्रा की जरूरत की कई अन्य वस्तुएं अब या तो कर-मुक्त होंगी या सबसे कम 5 प्रतिशत कर स्लैब में आएंगी. जिन वस्तुओं पर पहले 12 प्रतिशत कर लगता था, वे लगभग पूरी तरह से 5 प्रतिशत कर के



दायरे में लाई गई हैं. यह देखकर बहुत खुशी हो रही है कि विभिन्न दुकानदार और व्यापारी तब और अब के बोर्ड लगा रहे हैं, जो सुधारों से पहले और सुधारों के बाद के करों को दर्शाते हैं. उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं और देश में एक नव मध्यम वर्ग तैयार हुआ है. प्रधानमंत्री ने कहा, हमने मध्यम वर्ग को भी मजबूत किया है. बारह लाख रुपए तक की आय पर कोई टैक्स नहीं लिया जा रहा है. अगर हम आयकर में कटौती और अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों को जोड़ दें तो इससे लोगों को लगभग 2.5 लाख करोड़ रुपये की बचत होगी. उन्होंने पत्र में लोगों से कहा, आपके घरेलू खर्च कम हो जाएंगे और मकान बनाना, गाड़ी खरीदना, उपकरण खरीदना, बाहर खाना खाना या परिवार के साथ छुट्टियां मनाने जैसी आकांक्षाएं पूरी करना आसान हो जाएगा. उन्होंने 2017 में शुरू हुई देश की जीएसटी यात्रा को नागरिकों और व्यवसायों को कई करों के जाल से मुक्त करने में एक महत्वपूर्ण मोड़ बताते हुए कहा कि जीएसटी ने देश को आर्थिक रूप से एकजुट किया है. उन्होंने कहा, एक राष्ट्र एक कर, से एकरूपता और राहत मिली. जीएसटी परिषद ने केंद्र और राज्यों, दोनों की सक्रिय भागीदारी से कई जनहितैषी फैसले लिए अब ये नये सुधार हमें और आगे ले जा रहे हैं, व्यवस्था को सरल बना रहे हैं, दरें कम कर रहे हैं और लोगों के हाथों में अधिक बचत पहुंचा रहे हैं. मोदी ने कहा, हमारे छोटे उद्योगों, दुकानदारों, व्यापारियों, उद्यमियों और एमएसएमई को भी व्यापार करने में आसानी होगी. कम कर, कम कीमतें और सरल नियमों का मतलब है बेहतर बिक्री, कम अनुपालन बोझ और अवसरों में वृद्धि होगी।

---

### आपराधिक मानहानि कानून पर बड़ी टिप्पणी

## अब इसे खत्म करने का समय आ गया-सुप्रीम...

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को भारत के औपनिवेशिक काल के आपराधिक मानहानि कानूनों पर नए सिरे से बहस छेड़ दी, क्योंकि वह समाचार पोर्टल द वायर द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई के लिए सहमत हो गया, जिसमें जेएनयू की पूर्व प्रोफेसर अमिता सिंह द्वारा दायर मानहानि मामले में समन को रद्द करने की मांग की गई थी। लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार, सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि मानहानि कानून को अपराधमुक्त करने का समय आ गया है। न्यायमूर्ति सुंदरेश ने मामले पर



नोटिस जारी करने पर सहमति जताते हुए कहा कि मुझे लगता है कि अब समय आ गया है कि इस सब को अपराधमुक्त कर दिया जाए। शीर्ष अदालत ने द वायर और उसके उप-संपादक अजय आशीर्वाद महाप्रस्थ के खिलाफ एक याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की।

---

### सरकार ने राज्य में जातिगत भेदभाव को समाप्त करने के उद्देश्य से लिया फैसला

## यूपी में जाति आधारित रैलियों पर प्रतिबंध,एफआईआर और अरेस्ट मेमो में भी नहीं बताई जाएगी कोई कास्ट..

**नई दिल्ली।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्देशों पर अमल करते हुए, उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने राज्य में जातिगत भेदभाव को समाप्त करने के उद्देश्य से पुलिस रिकॉर्ड, सार्वजनिक स्थानों, आधिकारिक प्रारूपों और वाहनों से जाति-आधारित संदर्भों को हटाने का आदेश दिया। उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दीपक कुमार ने एक आधिकारिक आदेश में सभी राज्य विभागों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि गिरफ्तारी ज्ञापन, प्राथमिकी या किसी अन्य पुलिस दस्तावेज़ में जातियों का उल्लेख न हो। आदेश में यह भी निर्देश दिया गया है कि पुलिस नोटिसबोर्ड, वाहनों और साइनबोर्ड पर प्रदर्शित जाति-आधारित संदर्भों को भी हटा दिया जाए। आदेश में कहा गया है कि किसी व्यक्ति के माता-पिता के नाम का उपयोग 'पहचान' के लिए किया जा सकता है। इस आदेश के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए, उत्तर प्रदेश सरकार पुलिस नियमावली और मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) में भी संशोधन करेगी। राज्य सरकार ने पुलिस रिकॉर्ड से जाति-आधारित संदर्भों को हटाने का आदेश तो दिया है, लेकिन कुछ छूट भी दी है। राज्य सरकार के अनुसार, अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत दर्ज किए जाने वाले मामलों में छूट दी गई है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 16



सितंबर के अपने आदेश में उत्तर प्रदेश सरकार को पुलिस रिकॉर्ड में किसी व्यक्ति की जाति का उल्लेख करने की प्रथा को रोकने का निर्देश दिया। न्यायालय ने इस प्रथा को कानूनी भ्रांति करार देते हुए कहा कि यह संवैधानिक नैतिकता को कमजोर करती है और संवैधानिक लोकतंत्र के लिए गंभीर चुनौती पैदा कर सकती है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि आरोपियों की जाति माली, पहाड़ी, राजपूत, ठाकुर, पंजाबी पाराशर और ब्राह्मण के रूप में दर्ज करने से कोई वैध या उचित उद्देश्य पूरा नहीं होता। दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि विभागीय जाँच की सिफ़ारिश करने या अधिकारी को संवैधानिक नैतिकता और सामाजिक सरोकारों के बारे में जागरूक करने के बजाय, उनके आचरण का बचाव अस्पष्ट और असंतुलित आधारों पर किया गया।


---

### अमित शाह का किसानों को सलाह

## कीटनाशक,उर्वरक का इस्तेमाल कम करें,जैविक खेती अपनाएं..

**राजकोट/ एजेंसी**

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को किसानों से उर्वरकों और कीटनाशकों का इस्तेमाल कम करने और जैविक खेती अपनाने का आग्रह करते हुए कहा कि सरकार पर्यावरण-अनुकूल खेती अपनाने वाले किसानों को अधिक लाभ सुनिश्चित करने की व्यवस्था कर रही है. गृह मंत्रालय का भी दायित्व संभालने वाले शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरणों और वस्तुओं पर जीएसटी कम करके उन्हें नवरात्रि और दिवाली का बड़ा तोहफा दिया



है. जीएसटी में अब पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो व्यापक दरें रखी गई हैं. नई व्यवस्था सोमवार से लागू हो गई जो नवरात्रि का पहला दिन है. गुजरात के राजकोट ज.लि के सात सहकारी संगठनों की वार्षिक आम बैठक में भाग लेने के बाद शाह ने यहां कृषि विशेषज्ञों को संबोधित करते हुए कहा, मैं सौराष्ट्र के सभी किसानों से कीटनाशकों और उर्वरकों का उपयोग कम करने और जैविक खेती का रुख करने की अपील करता हूं. भारत जैविक उत्पादों के वैश्विक बाजार का एक बड़ा हिस्सा यहां के किसानों के लिए लाने जा रहा है. उन्होंने कहा कि भारत सरकार यह सुनिश्चित करने की व्यवस्था कर रही है। कि जैविक खेती करने वाले किसानों को अधिक लाभ मिले. जैविक खेती में उर्वरकों, कीटनाशकों जैसे कृत्रिम रूप से उत्पादित कृषि-सामग्री के उपयोग से परहेज किया जाता है.

---

### बिहार विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग का बड़ा एक्शन

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने देशभर में निष्क्रिय पड़ी 474 राजनीतिक पार्टियों का पंजीकरण रद्द कर दिया है। ये सभी पार्टियां पिछले 6 साल से कोई भी चुनाव नहीं लड़ी थीं। आयोग का कहना है कि यह कदम चुनावी प्रक्रिया को साफ-सुथरा और पारदर्शी बनाने के लिए उठाया गया है। इस कार्रवाई की सबसे ज्यादा असर तमिलनाडु में देखने को मिला है, जहां 42 राजनीतिक दलों को सूची से हटा दिया गया है। इनमें कुछ ऐसी पार्टियां भी हैं जो राज्य की सत्ताधारी पार्टी डीएमके और केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी बीजेपी की सहयोगी रह चुकी हैं। चुनाव आयोग ने बताया कि तमिलनाडु की जिन पार्टियों का पंजीकरण रद्द किया गया है।

---

### मोरक्को में बोले राजनाथ सिंह

## एक दिन पाक के कब्जे वाला कश्मीर कहेगा-मैं भी भारत हूं

**रबात/ एजेंसी**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को भरोसा जताया कि भारत पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को बिना किसी आक्रामक कदम के वापस हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि अब वहां के लोग खुद ही मौजूदा शासन से आजादी की मांग कर रहे हैं। राजनाथ सिंह मोरक्को में भारतीय समुदाय को संबोधित कर रहे थे। अपने संबोधन में रक्षा मंत्री ने कहा, पीओके तो अपने आप हमारा हो जाएगा। आपने सुना होगा कि वहां अब आवाजें उठ रही हैं, नारे लग रहे हैं। रक्षा मंत्री ने बताया कि



उन्होंने पांच साल पहले भी ऐसी ही बात कही थी, जब वह जम्मू-कश्मीर में भारतीय सेना के एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, मैं पांच साल पहेल कश्मीर घाटी में सेना के एक कार्यक्रम में बोल रहा था। तब भी मैंने कहा था कि हमें पीओके पर हमला करके कब्जा करने की जरूरत नहीं होगी। वह तो पहले से हमारा है। पीओके खुद कहेगा- मैं भी भारत हूं। वो दिन जरूर आएगा। राजनाथ सिंह का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब कई लोग सरकार पर आरोप लगा रहे हैं कि उसने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पीओके पर कब्जा करने का मौका गंवा दिया है। यह सैन्य अभियान सात मई को शुरू हुआ था। जिसमें भारत ने कई पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों को मार गिराया था। इसके अलावा, पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में कई सैन्य ठिकानों को तबाह किया गया था।

---

### नारायणपुर में मारे गए दो नक्सलियों की हुई पहचान

# माओवादियों के साथ सुरक्षाबलों की मुठभेड़-दो नक्सली ढेर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में एक बार फिर से सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में अब तक दो माओवादी ढेर हो गए हैं, जिसका शव बरामद हो चुका है। इसके साथ ही सुरक्षाबलों ने एके-47 समेत भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री जब्त की है। मिली जानकारी के मुताबिक नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिलने परसुरक्षाबलों की टीम ने तलाशी अभियान शुरू किया। तलाशी के दौरान नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई, जो अभी भी जारी है।सुरक्षाबलों और पुलिस को अब तक घटना स्थल से दो पुरुष माओवादियों के शव के साथ हथियार बरामद हुए हैं। माओवादियों से एक एके-47 राइफल, अन्य हथियार, भारी



मात्रा में विस्फोटक सामग्री, माओवादी साहित्य, प्रचार-प्रसार सामग्री और दैनिक उपयोग की वस्तुएं जब्त की है। नारायणपुर जिले में सुरक्षाबलों से हुई मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की पहचान भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के केंद्रीय समिति सदस्यों राजू दादा उर्फ कट्टा रामचंद्र रेड्डी और कोसा दादा उर्फ कादरी सत्यनारायण रेड्डी के रूप में हुई है, जिनपर 40-40 लाख रुपये का इनाम घोषित था. पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी. नारायणपुर जिले के पुलिस अधीक्षक रॉबिन्सन ने बताया कि छत्तीसगल्ढ़-महाराष्ट्र अंतरराज्यीय सीमा क्षेत्र में स्थित अबूझमाड़ इलाके में माओवादी गतिविधियों की सूचना मिलने पर सुरक्षाबलों ने तलाश अभियान चलाया था. अधिकारी ने बताया कि इस अभियान के दौरान सोमवार सुबह से माओवादी और सुरक्षाबलों के बीच रुक-रुक कर गोलीबारी हो रही थी. उन्होंने बताया कि मुठभेड़ के बाद सुरक्षाबलों ने घटनास्थल से दो पुरुष माओवादियों का शव, हथियार, विस्फोटक और अन्य सामान बरामद किया. रॉबिन्सन ने बताया कि प्रारंभिक पहचान में पुष्टि हुई है कि मुठभेड़ में मारे गए नक्सली भाकपा (माओवादी) के केंद्रीय समिति के सदस्य राजू दादा उर्फ कट्टा रामचंद्र रेड्डी और कोसा दादा उर्फ कादरी सत्यनारायण रेड्डी हैं.

### निकट दिख रहा नक्सलवाद का अंत-मुख्यमंत्री साय.....

नारायणपुर में जवानों के शौर्य पर सीएम विष्णुदेव साय साय ने हर्ष जताया है। उन्होंने कहा कि आज नारायणपुर के अबूझमाड़ क्षेत्र में हमारे वीर सुरक्षाबलों ने लाल आतंक के खिलाफएक साहसिक और सफल अभियान को अंजाम दिया। नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में दो नक्सली न्यूट्रलाइज किए गए हैं। यह सफलता केवल नक्सलवाद के खात्मे की दिशा में एक निर्णायक पड़ाव ही नहीं है, बल्कि छत्तीसगढ़ में शांति, सुरक्षा और विकास की प्रक्रिया को और भी गति प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार के निरंतर प्रयासों से प्रदेश में नक्सलवाद का अंत अब पहले से कहीं अधिक निकट और निश्चित होता दिखाई दे रहा है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के साथ मार्च 2026 तक नक्सलमुक्त भारत का संकल्प अवश्य साकार होगा।

### लाल आतंक की टूट रही है रीढ़-अमित शाह.....

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सुरक्षा बलों ने महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर नक्सलियों के दो शीर्ष नेताओं को मार गिराकर उनके खिलाफएक बड़ी जीत हासिल की है। शाह ने एक्स पर लिखा कि हमारे सुरक्षा बल व्यवस्थित रूप से नक्सलियों के शीर्ष नेतृत्व का खात्मा कर रहे हैं और लाल आतंक की रीढ़ तोड़ रहे हैं। छत्तीसगढ़ के एक पुलिस अधिकारी के अनुसार, महाराष्ट्र से सटे अबूझमाड़ के एक जंगल में सुबह उस समय मुठभेड़ शुरू हो गई, जब सुरक्षा बलों की एक टीम तलाशी अभियान पर निकली थी। उन्होंने बताया कि इलाके में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना के आधार पर यह अभियान शुरू किया गया था। उन्होंने कहा, अब तक मौके से दो पुरुष नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### निशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण




शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेडेसरा विकास खण्ड धमधा में प्राचार्य श्रीमती रश्मि रंजना बांसियार के निर्देशन में एवं ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि श्री विनोद लहरे शाला विकास समिति अध्यक्ष श्री देवेंद्र कश्यप एवं सदस्य गण श्री केशव निषाद श्रीमती प्रजेश उमरे प्रीति ध्रुव एवं पालकों की उपस्थिति में 47पात्र छात्राओं को शासन द्वारा प्राप्त निशुल्क सरस्वती साइकिल सत्र 2025ट्ठ 26का वितरण सरस्वती साइकिल प्रभारी श्रीमती नेहा मंडावी एवं तारा शार्वा द्वारा किया गया । ग्राम के गणमान्य नागरिक एवं संस्था के समस्त व्याख्याता गण वितरण में उपस्थित रहे।

### मां शिरीष पाठ मंदिर में जले आस्था के ज्योत विधी विधान से किया गया दीप प्रज्ज्वलित



**जांजगीर चांपा समय दर्शन/** जिले की प्रमुख देवी मंदिरों में शामिल पामगढ़ अंचल के ग्राम डोंगाकोहरौद शिरीष पाठ मंदिर में आज विधी विधान से पूजा अर्चना कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया । ज्ञात हो कि शिरीष पेड़ की आस्था पर आधारित माता शिरीष पाठ मंदिर में नवरात्र की दोनों पर्व शारदीय व चैत्र नवरात्र धूमधाम से मनाया जाता है। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्तजनों द्वारा मनोकामना दीप प्रज्ज्वलित कराए जाते हैं जिसमें इस वर्ष की क्वांर नवरात्री के पर्व में 216 तेल ज्योति , 14 घृत ज्योति , 2 जवांरा ज्योति के साथ सात दिवसीय व तीन दिवसीय ज्योति भी प्रज्जवलित कराए गए हैं । आज की दीप प्रज्जवलन में प्रमुख रूप से नवजागरण शिरीष कल्याण सेवा समिती अध्यक्ष देवकुमार पाण्डेय , गांव के मालगुजार संतोष कौशिक , सरपंच प्रतिनिधि दुकालु भास्कर , समिती के संरक्षक राधेश्याम कश्यप , सचिव जोहन लाल पटवा , घनश्याम साहु , बरसन कश्यप , धनेंद्र कौशिक , सुमन लाल कश्यप , छोटेलाल साहु , माखन कश्यप , मंदिर पुजारी हरीलाल धीवर , कोषाध्यक्ष रामकृष्ण कश्यप , वेदप्रसाद कश्यप, गणेश धीवर , पंच कमल धीवर , ज्योति रक्षकगण गीतेश सारथी , रामलाल कौशिक , लव पटेल , जुगनू , इंद्रकुमार , नरहरी , महेंद्र , संजू साहु , राजकुमार , उपेंद्र , शिवसागर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे ।

### मां शिरीष पाठ मंदिर में जले आस्था के ज्योत विधी विधान से किया गया दीप प्रज्ज्वलित



**जांजगीर चांपा** / जिले की प्रमुख देवी मंदिरों में शामिल पामगढ़ अंचल के ग्राम डोंगाकोहरौद शिरीष पाठ मंदिर में आज विधी विधान से पूजा अर्चना कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया । ज्ञात हो कि शिरीष पेड़ की आस्था पर आधारित माता शिरीष पाठ मंदिर में नवरात्र की दोनों पर्व शारदीय व चैत्र नवरात्र धूमधाम से मनाया जाता है। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्तजनों द्वारा मनोकामना दीप प्रज्ज्वलित कराए जाते हैं जिसमें इस वर्ष की क्वांर नवरात्री के पर्व में 216 तेल ज्योति , 14 घृत ज्योति , 2 जवांरा ज्योति के साथ सात दिवसीय व तीन दिवसीय ज्योति भी प्रज्जवलित कराए गए हैं । आज की दीप प्रज्जवलन में प्रमुख रूप से नवजागरण शिरीष कल्याण सेवा समिती अध्यक्ष देवकुमार पाण्डेय , गांव के मालगुजार संतोष कौशिक , सरपंच प्रतिनिधि दुकालु भास्कर , समिती के संरक्षक राधेश्याम कश्यप , सचिव जोहन लाल पटवा , घनश्याम साहु , बरसन कश्यप , धनेंद्र कौशिक , सुमन लाल कश्यप , छोटेलाल साहु , माखन कश्यप , मंदिर पुजारी हरीलाल धीवर , कोषाध्यक्ष रामकृष्ण कश्यप , वेदप्रसाद कश्यप, गणेश धीवर , पंच कमल धीवर , ज्योति रक्षकगण गीतेश सारथी , रामलाल कौशिक , लव पटेल , जुगनू , इंद्रकुमार , नरहरी , महेंद्र , संजू साहु , राजकुमार , उपेंद्र , शिवसागर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे ।

# हिन्दू युवा मंच की नवीन कार्यकारिणी गठित, सुरेश जिला अध्यक्ष एवं राजा शहर अध्यक्ष चुने गए

**राजनांदगांव (समय दर्शन)।** हिन्दू युवा मंच छत्तीसगढ़ प्रदेश आलाकमान के द्वारा जिले में संगठन के व्यापक विस्तार और संगठन शक्ति बढ़ाने के महत्वकांक्षी उद्देश्य को लेकर प्रदेश अध्यक्ष कुमार नायर, प्रदेश संयोजक गोविंद राज नायडू, संगठन महामंत्री राजेश शर्मा और जिला प्रभारी किशोर माहेश्वरी के अनुमोदन और अनुशंसा से सर्वसम्मति से हिन्दू युवा मंच जिला इकाई की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें संगठन के पुराने निष्ठावान कर्मठ और जुझारू सदस्यों को योग्यतानुसार नवीन दायित्व सौंपे ही गए, नए ऊर्जावान युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित कर उनकी नेतृत्व क्षमता को पहचान कर उन्हें भी महत्वपूर्ण भूमिकाएं और दायित्व सौंपकर नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। पूर्व जिलाध्यक्ष और वर्तमान जिला प्रभारी किशोर माहेश्वरी की अनुशंसा से कार्यकारिणी में इस वर्ष जिला अध्यक्ष सुरेश लोहमार को और शहर अध्यक्ष राजा ताम्रकार को चुना गया वहीं जिला संयोजक के रूप में दीपक भारती और शहर संयोजक के रूप में आदर्श गुप्ता को चुना गया।



जिला महामंत्री हरीश सोरी और अभिषेक शर्मा चुने गए, वहीं शहर महामंत्री अंकित मानिकपुरी और अनिकेत राणे चुने गए। जिला उपाध्यक्ष कमलेश राजू यदु, संतोष विश्वकर्मा, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख प्रसन्नजीत दास, जिला मीडिया प्रभारी मिथलेश लक्की मेश्राम को चुना गया। शहर उपाध्यक्ष निखिल राज और शैलेन्द्र अंशु यदु, शहर प्रचार प्रसार प्रमुख मिहिर श्रीवास और शहर मंत्री डोमन धनकर बनाए गए। विशेष कार्यकारिणी अर्पण खंडेलवाल, शशि धीवर, विशाल यादव, अश्वनी यादव, संजय धीवर, मोहित निर्मलकर (लल्ला), राम भंडारी, शैलेष साहू, निर्मल झा, टाकेश्वर शिवांश साहू, पीयूष गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, आनंद सोनकर, आर्यन सोनवानी, ढ़ालेश वैष्णव, राकेश धीवरए, दीपक सोनकर, तुषार मंडावी, जयंत मंडावी, आकाश निक्की मेश्राम के रूप में नियुक्ति की गई।

जिलाध्यक्ष किशोर माहेश्वरी और पूर्व जिला संयोजक अरविंद तिवारी ने सभी पदाधिकारियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए आगे कहा किए भावि भविष्य में संगठन का विस्तार समूचे जिले में किया जायेगा, जिसके लिए कार्यकारिणी का विस्तार कर सक्रिय सदस्यों को जिम्मेदारी देने के साथ उनकी भूमिका भी तय की जाएगी। साथ ही छात्रों के हित को ध्यान में रखते हुए हिन्दू युवा छात्र मँचए महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए आदिशक्ति, मजदूरों के हित की रक्षा के लिए श्रम शक्ति, किसानों के हित की रक्षा के लिए कृषक शक्ति विंग का भी गठन किया जायेगा।

## संकुल केंद्र बिर्रा के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला एवम शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बसंतपुर का अनुवीक्षण किया गया

**जांजगीर// समय दर्शन //** संकुल समन्वयक संकुल केंद्र बिर्रा के श्री रामकिशोर देवांगन ने 22 सितंबर दिन सोमवार को 12 बजे से शासकीय प्राथमिक एवम शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बसंतपुर का अनुवीक्षण किया गया। यहां सात शिक्षक शिक्षिका पदस्थ है। जिसमे चार शिक्षक शिक्षिका कक्षा में पढ़ाते हुवे पाए गए। श्रीमती उषा मधुकर शिक्षिका संतान पालन अवकाश पर है। श्री महेश्वर डड़सेना राजेश कुर्रे क्व्ह्र कार्य से बम्हनीडीह गए है। श्री अनिल पटेल प्राथमिक शाला जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष उपस्थित रहे। कक्षा सातवी के तुलसी पटेल रिया आशीष पटेल द्वारा पाठ चार मौसी हिंदी विषय को पढ़कर बताया गया। कक्षा तीसरी के नव्या मांझी दीपांशी पटेल द्वारा दो अंको वाला जोड़ बताया गया नव्या मांझी द्वारा माननीय मुख्यमंत्री का नाम बताया गया। श्रीमती बीना डड़सेना द्वारा स्न्रह्म किट एवम जादुई पिटारा के माध्यम से कक्षा पहिली एवम दूसरी के बच्चों को पढ़ा रही थी।कक्षा आठवी के बच्चों को अंग्रेजी विषय पर होने वाले कठिनाइयों के बारे में



चर्चा किया गया । कक्षा आठवी एवम सातवी के बच्चों द्वारा मध्यान्ह भोजन प्रतिदिन मीनू अनुसार बनने की बात कही।आज पूर्व माध्यमिक में चांवल दाल आलू बड़ी प्राथमिक विभाग में चांवल दाल कुंदरू आलू खिलाया गया।कक्षा पहिली से आठवी तक के बच्चों की पढ़ाई लिखाई चल रही है।24 सितंबर से त्रैमासिक परीक्षा के बारे में शिक्षकों से चर्चा किया गया।कक्षा आठवी से कुमकुम पटेल,ममता पटेल जयकुमार द्वारा हिंदी पाठ पढ़ाया गया। पूर्व माध्यमिक विभाग में कमरों की आवश्यकता है। टॉयलेट की आवश्यकता है। सभी बच्चों को सभी विषय को घर पर पढ़ने को कहा गया। कक्षा पहिली से आठवी तक कोर्स अपूर्ण है।शीघ्र पूर्ण करने को निर्देशित किया गया। सफाई कर्मचारी को विद्यालय एवम टॉयलेट को साफ सुथरा रखने को निर्देशित किया गया।आज की दर्ज संख्या 155 एवम उपस्थित 145 पाया गया। उक्ताशय की जानकारी संकुल समन्वयक संकुल केंद्र बिर्रा रामकिशोर देवांगन ने दिया है।

## शक्तिधाम महाकाली मंदिर में 71 मनोकामना ज्योत जलकर फैली भक्ति की रोशनी

**राजनांदगांव।** शारदीय नवरात्र की शुरुआत के साथ ही शक्तिधाम महाकाली मंदिर (बाबूटोला, वार्ड क्रमांक 1) में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। हर साल की तरह इस बार भी यहां नवरात्र महापर्व को लेकर विशेष तैयारी की गई है। भक्तों की मनोकामना को समर्पित 71 ज्योतिकलश प्रज्ज्वलित किए गए हैं। मंदिर परिसर भक्ति और आस्था के रंग में रंगा नजर आ रहा है।



मंदिर प्रमुख हरीश यादव ने बताया कि बीते वर्षों में जहां 31 मनोकामना ज्योतें जलाई जाती थीं, वहीं इस बार संख्या बढ़कर 71 हो गई है। दुर्ग, भिलाई, रायपुर, उत्तरप्रदेश और जिले के वनांचल क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और अपनी आस्था के दीप जलाए।

इस बार पंचमी तिथि पर मां महाकाली को छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व्यंजनों सहित 56 प्रकार के भोग अर्पित किए जाएंगे। इस दिन माता का विशेष श्रृंगार भी किया जाएगा। मंदिर समिति ने बताया कि नवरात्र के हर दिन अलग-अलग आयोजन होंगे, लेकिन पंचमी को खास तैयारियां की जा रही हैं।

22 सितंबर को शारदीय नवरात्र के पहले दिन से ही मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। माता के दर्शन के लिए सुबह से ही कतारें लग गईं। मंदिर परिसर में माहौल पूरी तरह भक्तिमय है। जयकारों से पूरा इलाका गूंज रहा है।

मंदिर समिति का कहना है कि हर साल भक्तों की संख्या और मनोकामना ज्योति कलशों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो रही है। इससे यह साफ है कि लोगों की आस्था लगातार मजबूत हो रही है।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर समिति ने सुरक्षा, दर्शन व्यवस्था और सफाई को लेकर विशेष इंतजाम किए हैं। स्वयंसेवकों की टीम पूरे आयोजन में सक्रिय रूप से सहयोग कर रही है।

## बिजली बिल के खिलाफ जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी करेगी प्रदर्शन

### 23 सितंबर हिंदी भवन के सामने दुर्ग में एकदिवसीय महाधरना

### दोगुने-तिगुने बिजली बिल, बिजली कटौती, लो वोल्टेज से त्रस्त छत्तीसगढ़वासी दुर्ग में जुटेंगे

मंगलवार तेईस सितंबर के दिन जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी ने जबर गोहार नामक महाधरने का ऐलान किया है । हिंदी भवन के सामने धरना स्थल में एकत्रित होकर बिजली मुद्दे को लेकर त्रस्त आम जनता सरकार की नीतियों के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करेगी । एकदिवसीय धरना के बाद महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा । जेसीपी के जिलाध्यक्ष राहुल ने बताया कि छत्तीसगढ़ के सभी जिला मुख्यालयों में एक साथ यह प्रदर्शन पार्टी के द्वारा किया जा रहा है । बिजली सरप्लस वाले छत्तीसगढ़ में हसदेव,कोरबा,तमनार के जंगलो को अंधाधुंध काटकर कोयला निकाला जा रहा है, अन्य राज्यों को बिजली दिया जा रहा है और जिसका पैसा भी छत्तीसगढ़ की कमजोर सरकार उन राज्यों से वसूल नहीं पा रही है । राज्य के ही अनेक सरकारी-गैरसरकारी संस्थान करोड़ों का बिजली बिल दबाकर बैठे हैं । दूसरी ओर प्रदेश की अमीर धरती की गरीब जनता से बेतहाशा बिजली बिल वसूला जा रहा है, बिजली कटौती, लो वोल्टेज की समस्या से खेती चौपट हो रही है, नये मीटर की रफ्तार से आम जनता को रौंदा जा रहा है, लोगों के घरों के बजट तहस नहस हो रहे हैं, आदमी कमाए क्या और खाए क्या ।

जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी एकदिवसीय धरना के जरिये सरकार से ये तुगलकी फरमान तत्काल वापस लेने की मांग कर रही है अन्यथा अगली कड़ी में राजधानी में बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा ।

## जिनकुशल इंडस्ट्रीज का आईपीओ 25 सितंबर को खुलेगा, प्राइस बैंड 115 से 121 रुपए प्रति शेयर तय

**रायपुर :** केयरएज रिपोर्ट के अनुसार, भारत की सबसे बड़ी नॉन-ओईएम (गैर-मूल उपकरण निर्माता) कंस्ट्रक्शन मशीनरी निर्यातक, जिनकुशल इंडस्ट्रीज लिमिटेड (जेकेआईपीएल) ने मंगलवार को अपने 116 करोड़ रुपये के आगामी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 115 से 121 रूपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया है।




ऊपरी सीमा पर, कंपनी का मूल्यांकन लगभग 464 करोड़ रुपये है। रायपुर स्थित इस कंपनी का पहला सार्वजनिक निर्गम 25 सितंबर को खुलेगा और 29 सितंबर को बंद होगा। इस आईपीओ में 86.35 लाख तक इक्विटी शेयरों का एक नया इश्यू (फ्रेश इश्यू) और 10 रुपये अंकित मूल्य के 9.59 लाख तक इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश (ऑफर फॉर सेल) शामिल है। जेकेआईपीएल नए इश्यू से प्राप्त 72.67 करोड़ रुपये का इस्तेमाल अपनी लंबी अवधि की कार्यशील पूंजी की जरूरतों को पूरा करने और बाकी राशि का उपयोग सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए करने का प्रस्ताव करती है। जिनकुशल इंडस्ट्रीज को श्री अनिल कुमार जैन, श्री अभिनव जैन, सुश्री संध्या जैन, सुश्री तिथि जैन और सुश्री यशस्वी जैन ने प्रमोट किया है।

# महाराज अग्रसेन जी जयन्ती पर बसना मे हुए भव्य आयोजन

### डॉ.सम्पत अग्रवाल की अगुवाई में निकली नगर मे मशाल और बाइक रैली

**बसना (समय दर्शन)।** महाराजा श्री अग्रसेन जयंती के पावन अवसर पर बसना नगर में समरसता, सद्भावना, और सेवा के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से एक भव्य मशाल जुलूस और बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने हिस्सा लिया और अग्रवाल समाज सहित पूरे नगर के लोगों के साथ महाराजा अग्रसेन के आदर्शों का स्मरण किया।

**मशाल जुलूस और नगर भ्रमण-** कार्यक्रम की शुरुआत एक भव्य मशाल जुलूस से हुई। विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने स्वयं इस जुलूस में भाग लिया और अग्रसेन जी के आदर्शों का प्रतीक मशाल लेकर नगर के मुख्य मार्गों पर पैदल भ्रमण किया। इस दौरान उनके साथ अग्रवाल समाज के गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए। यह जुलूस महाराजा अग्रसेन की लोक कल्याणकारी भावना और उनके सिद्धांतों का संदेश दे रहा था।

**पूजन और मंगलकामना-** मशाल जुलूस के बाद, विधायक डॉ. संपत अग्रवाल अग्रसेन भवन पहुँचे, जहाँ उन्होंने महाराजा श्री अग्रसेन जी की प्रतिमा के समक्ष श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना की। उन्होंने समाज और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना करते हुए प्रार्थना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं और उनका जीवन हमें सामाजिक एकता, भाईचारा और जरूरतमंदों की सेवा करने की प्रेरणा देता है।





**भव्य बाइक रैली से गूंजा बसना-** मशाल जुलूस के बाद, विधायक डॉ. संपत अग्रवाल की अगुवाई में भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में युवाओं का जोश देखते ही बन रहा था। सैकड़ों की संख्या में बाइक सवारों ने पूरे नगर में भ्रमण किया और 'महाराजा अग्रसेन अमर रहें' के नारे लगाए। इस रैली का मुख्य उद्देश्य महाराजा अग्रसेन के त्याग और सेवा के संदेश को युवा पीढ़ी तक पहुँचाना था।

**हर व्यक्ति के छोटे से योगदान से भी बड़ा बदलाव लाया जा सकता है : विधायक डॉ संपत अग्रवाल-** विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि महाराजा श्री अग्रसेन ने समाजवाद और समरसता की जो मिसाल पेश की, वह आज के समय में भी हमारे लिए प्रेरणा स्रोत है। उनका 'एक ईंट और एक रुपया' का सिद्धांत हमें यह सिखाता है कि हर व्यक्ति के छोटे से योगदान से भी बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। हम सभी को उनके दिखाए मार्ग पर चलकर एक मजबूत और एकजुट समाज का निर्माण करना चाहिए।

**महाराज अग्रसेन जी ने 'जो दे उसका भी भला, और जो ले उसका भी भला' की भावना को किया चरितार्थ-** विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने आगे कहा कि महाराजा श्री अग्रसेन महाराज ने अपने जीवन में जो समाजवाद की नींव रखी, वह आज भी उतनी ही प्रासंगिक है। उन्होंने 'जो दे उसका भी भला, और जो ले उसका भी भला' की भावना को चरितार्थ किया। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि हमें सिर्फ अपने लिए नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए सोचना चाहिए। समाज के हर जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करना और उसे सम्मान के साथ जीवन जीने का अवसर देना हमारा कर्तव्य है।

**विधायक डॉ अग्रवाल ने युवा पीढ़ी से किया आह्वान-** विधायक डॉ. अग्रवाल ने युवा पीढ़ी से आह्वान करते हुए कहा कि आज की इस भव्य बाइक रैली में आप सभी युवाओं का जोश देखकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। आप ही हमारे समाज का भविष्य हैं। महाराजा अग्रसेन के त्याग, सेवा और परोपकार के संदेश को आप सभी अपने जीवन में उतारें। शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर एक मजबूत, समृद्ध और एकजुट समाज का निर्माण करना है। उन्होंने कहा कि महाराजा श्री अग्रसेन जी के आदर्शों का पालन करते हुए हमें न केवल अग्रवाल समाज, बल्कि पूरे समाज को साथ लेकर चलना है। हम सभी को मिलकर एक ऐसा समाज बनाना है जहाँ सद्भावना, भाईचारा और शांति हो।

**उपस्थित गणमान्यजन-** इस कार्यक्रम के अवसर पर अग्रवाल समाज के अध्यक्ष रामचंद्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष द्वय राजेंद्र अग्रवाल एवं रितेश अग्रवाल, सचिव सावर अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, सह सचिव गोपाल अग्रवाल, मारवाड़ी युवा मंच अध्यक्ष सुमित अग्रवाल, सचिव हेमंत अग्रवाल, उपाध्यक्ष नितेश अग्रवाल, समाज प्रमुख डॉ नन्द किशोर अग्रवाल, जय नारायण अग्रवाल ,रमेश अग्रवाल ,अग्रवाल महिला मंडल अध्यक्ष डॉ भारती अग्रवाल, डॉ अरुणा अग्रवाल, अग्रवाल समाज के वरिष्ठजन,युवा और भारी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम ने पूरे नगर में हर्ष और उल्लास का वातावरण बना दिया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने जगतू माहरा एवं धरमू माहरा के योगदान सहित माहरा समाज के गौरवशाली इतिहास को किया रेखांकित

# मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने किया माहरा समाज के नवनिर्मित सामाजिक भवन का लोकार्पण



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज जगदलपुर के गुरु गोविंद सिंह वार्ड में एक करोड़ 63 लाख रुपए की लागत से निर्मित माहरा समाज के नवनिर्मित सामाजिक भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय का पारंपरिक मोहरी बाजा के साथ भव्य स्वागत किया गया। माहरा समाज के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक मुख्यमंत्री श्री साय को पारंपरिक माहरा पाटा पहनाकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने फीता काटकर भवन का विधिवत उद्घाटन किया और इस ऐतिहासिक क्षण में आमंत्रण एवं आत्मीय स्वागत के लिए समाज के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने अपने संबोधन में माहरा समाज के गौरवशाली इतिहास को याद किया। उन्होंने कहा कि जगदलपुर की स्थापना जगतू माहरा तथा धरमपुरा की स्थापना धरमू माहरा द्वारा की गई थी। उन्होंने भूमकाल जैसे आंदोलनों में समाज की सक्रिय भूमिका और अंग्रेजों की दमनकारी नीतियों के विरुद्ध संघर्ष को विशेष रूप से रेखांकित किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री श्री अमित शाह के प्रयासों से माहरा समाज को अनुसूचित जाति का दर्जा मिला है। इस ऐतिहासिक निर्णय से समाज के युवाओं को शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में बड़े अवसर प्राप्त होंगे और उनका भविष्य उज्ज्वल होगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी का मुख्य लक्ष्य गरीबों का कल्याण और किसानों का आर्थिक विकास है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक 18 लाख आवासों को मंजूरी दी गई है। किसानों से 21 क्विंटल धान प्रति एकड़ खरीदा जा रहा है, जिसके लिए 3100 रुपए प्रति क्विंटल का भुगतान किया जा रहा है। युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने पर बल देते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य में नई उद्योग नीति बनाई गई है, जिससे अधिक से अधिक युवाओं को नौकरी मिले और स्वरोजगार को भी बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार नक्सलियों के समूल उन्मूलन के लिए तेजी से कार्य कर रही है, ताकि प्रभावित क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण, बिजली की आपूर्ति और मोबाइल टावरों की स्थापना जैसे विकास कार्य सुचारू रूप से आगे बढ़ सकें और लोगों को मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ जनहितकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि इस दिशा में नियद नेल्लानार योजना दूरगामी परिणाम देने वाली साबित हो रही है। कार्यक्रम में माहरा समाज के संभाग अध्यक्ष श्री राजू बघेल ने स्वागत उद्बोधन दिया। शांति नाग ने प्रतिवेदन का वाचन किया तथा समाज के संरक्षक श्री बिच्चेम पोंदी ने आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, वन मंत्री श्री केदार कश्यप, सांसद श्री महेश कश्यप, जगदलपुर विधायक श्री किरण सिंह देव ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में चित्रकोट विधायक श्री विनायक गोयल, दंतेवाड़ा विधायक श्री चैतराम अटामी, छत्तीसगढ़ बेवरेज कॉरपोरेशन के अध्यक्ष श्री श्रीनिवास राव मद्दी, महापौर श्री संजय पांडे, पूर्व सांसद श्री दिनेश कश्यप, पूर्व विधायक श्री महेश गागड़ा, श्री लच्छूराम कश्यप, श्री बैदूराम कश्यप, श्री सुभाऊ कश्यप, कलेक्टर श्री हरिस एस, पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, माहरा समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आत्मीय और वात्सल्यपूर्ण व्यवहार : नन्ही बच्ची भूमिका बघेल को दुलारते हुए खिलाया महुआ लड्डू



**रायपुर।** धुरवा समाज के नुआखाई मिलन समारोह में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आत्मीय और वात्सल्यपूर्ण रूप सभी ने देखा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने धुरवा समाज की नन्हीं बच्ची भूमिका बघेल को स्नेहपूर्वक अपने गोद में बिठाकर दुलार किया और उसे महुआ लड्डू खिलाया।

जगदलपुर विकासखंड के उलनार निवासी भूमिका बघेल अपने दादा सोनसारी बघेल के साथ कार्यक्रम में पहुंची थी। पारंपरिक पोशाक में सजी-धजी भूमिका ने सभी का मन मोह लिया। मुख्यमंत्री श्री साय ने स्नेहपूर्वक उसका नाम पूछते हुए कहा—बिटिया, किस कक्षा में पढ़ाई कर रही हो? मासूम मुस्कान के साथ भूमिका ने उत्तर दिया—मैं दीप्ति कान्वेंट स्कूल में एलकेजी में पढ़ती हूँ।

यह स्नेहिल दृश्य समारोह में उपस्थित सभी लोगों के मन को गहराई तक छू गया। एलकेजी में पढ़ रही भूमिका की निश्छल मुस्कान, पारंपरिक परिधान और मासूम नज़रों की चमक में बस्तर की संस्कृति और उसकी खुशियाँ झलक रही थी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि समाज ने पिछले वर्ष ही अपने बच्चों के लिए कक्षा 12वीं तक की शिक्षा अनिवार्य करने का सराहनीय निर्णय लिया। यही शिक्षा और संस्कार हमारी आने वाली पीढ़ी का भविष्य संवारेंगे। उन्होंने कहा कि मैं यही कामना करता हूँ कि भूमिका और छत्तीसगढ़ की हर बेटी खूब पढ़े, आगे बढ़े, उड़ान भरे और अपनी संस्कृति से यूँ ही जुड़ी रहे। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने जिस आत्मीयता और वात्सल्य से नन्हीं भूमिका बघेल से स्नेहपूर्ण वार्तालाप किया, उसने पूरे समारोह का वातावरण स्नेह और आत्मीयता से परिपूर्ण कर दिया। मुख्यमंत्री श्री साय का आत्मीय व्यवहार जनजातीय समाज के साथ उनके गहरे जुड़ाव और बच्चों के प्रति स्नेहपूर्ण हृदय का प्रमाण है। उनकी यह सरलता और अपनापन न केवल लोगों को विश्वास से भरता है, बल्कि यह भी संदेश देता है कि सरकार का नेतृत्व समाज के हर वर्ग और हर बच्चे के सुख-दुख में सहभागी है।

# जैन संवेदना ट्रस्ट ने 9 बुजुर्गों को बांटे श्रवण यन्त्र

### संस्था का 10100 वां श्रवण यन्त्र वितरित



**रायपुर।** राजस्व विभाग से रिटायर्ड खोरबाहरा राम साहू जांजगीर विगत 15 वर्षों से कम सुनाई देने की पीड़ा से व्यथित थे। समाचार पत्रों से पढ़कर उनके पुत्र के डी साहू ने जैन संवेदना ट्रस्ट से सम्पर्क किया और शनिवार को ऋषभदेव जैन मंदिर प्रांगण सदर बाजार में उन्हें श्रवण यन्त्र प्रदान किया गया।

जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने बताया कि अनेक वर्षों बाद स्पष्ट सुनाई देने की प्रसन्नता उनके चेहरे पर झलक रही थी । बुजुर्ग ने संस्था को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर वीरेन्द्र डागा विशेष रूप से उपस्थित थे। विगत एक पखवाड़े में 70 श्रवण यन्त्र वितरित किये गए । जैन संवेदना ट्रस्ट द्वारा शनिवार को वर्द्धमान स्कूल कमासीपारा में बीजापुर की 72 वर्षीय लक्ष्मी चिलमुल के लिए उनकी पुत्री किरण रामटेके को श्रवण यन्त्र दिया गया । किरण ने बताया कि माँ पिछले दो साल से कम सुनाई देने से परेशान है। महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने बताया कि संस्था द्वारा प्रति शनिवार को बच्चों बुजुर्गों को सुनने की मशीन देने का क्रम जारी है। जैन संवेदना ट्रस्ट द्वारा 10100 वीं मशीन का नि:शुल्क वितरण किया गया।

जैन संवेदना ट्रस्ट द्वारा मूक पशु पक्षियों की सेवा , मानव सेवा के अंतर्गत श्रवण यन्त्र , कृत्रिम हाथ , कैलिपर्स , वैशाखी , बी पी नापने की मशीन , शुगर टेस्टिंग मशीन का नि:शुल्क वितरण तथा मानव कल्याण में साधर्मिक भाई बहनों के स्वावलंबी जीवन , व्यवसायिक उत्थान व विवाह योजना पर लगातार कार्य किये जाते हैं । इस सप्ताह के आर साहू , लक्ष्मी चिलमुल , विजया सोनी , रामेश्वर लकड़ा , शितुराम , ज़मीर भाई , शकीना बानो , राधेलाल जैन , किरण सोनवानी को श्रवण यन्त्र नि:शुल्क दिये गए ।

# स्वस्थ और नशामुक्त भारत के लिए 'नमो युवा रन', युवाओं ने जोश और उत्साह से की भागीदारी




**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री ने झंडा लहराकर 'नमो युवा रन' का किया आगाज, विजेताओं को पुरस्कार बांटेउप मुख्यमंत्री ने झंडा लहराकर 'नमो युवा रन' का किया आगाज, विजेताओं को पुरस्कार बांटे खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा स्वस्थ और नशामुक्त भारत के लिए रायपुर और बिलासपुर में आयोजित 'नमो युवा रन' में युवाओं ने जोश और उत्साह से भागीदीरी की। युवाओं को फिट और नशामुक्त रखने देश के 75 शहरों में यह दौड़ आयोजित की गई। राजधानी रायपुर में तेलीबांधा तालाब से शुरू हुई यह दौड़ सुभाष स्टेडियम में समाप्त हुई। वहीं बिलासपुर में सीएमडी कॉलेज मैदान से प्रारंभ कर रीवर-व्यू रोड में इसका समापन किया गया।

उप मुख्यमंत्री ने झंडा लहराकर 'नमो युवा रन' का किया आगाज, विजेताओं को पुरस्कार बांटे उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री अरुण साव ने रायपुर के तेलीबांधा तालाब में झंडा लहराकर 'नमो युवा रन' को प्रारंभ किया। प्रदेश के अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय खिलाड़ियों ने युवाओं के साथ दौड़ लगाकर इसकी प्रतीकात्मक शुरूआत की। कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा और रोजगार मंत्री गुरू खुशवंत साहेब, विधायकगण सर्वश्री मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, अनुज शर्मा तथा छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष श्री संजय श्रीवास्तव भी इस दौरान उपस्थित थे।

उप मुख्यमंत्री ने झंडा लहराकर 'नमो युवा रन' का किया आगाज, विजेताओं को पुरस्कार बांटे उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने 'नमो युवा रन' का शुभारंभ करते हुए कहा कि देश का हर युवा स्वस्थ हो, समर्थ हो, सक्षम हो और नशे से दूर रहे, इसकी जागरूकता के लिए इस दौड़ का आयोजन किया गया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश के युवाओं और खेलों की तरक्की के लिए महत्वपूर्ण काम किए हैं। विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से भारत सरकार युवा शक्ति को तैयार करने का काम कर रही है।

जगदलपुर में धुरवा समाज के संभाग स्तरीय नुआखाई मिलन समारोह एवं नवनिर्मित सामाजिक भवन

# जगदलपुर में धुरवा समाज के संभाग स्तरीय नुआखाई मिलन समारोह एवं नवनिर्मित सामाजिक भवन



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि राज्य सरकार जनजातीय समाज के समग्र विकास के लिए कटिबद्ध है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आदिवासी बहुल गांवों के विकास में किसी प्रकार की कमी न हो, धन की कोई समस्या न हो—इस दृष्टि से धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना शुरू की है। इस योजना के लिए 80 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र विशेष पिछड़ी जनजातियों के उत्थान हेतु प्रधानमंत्री जनमन योजना प्रारंभ की गई है, जिससे इन विशेष पिछड़ी जनजातियों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सकारात्मक प्रयास हो रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इन सभी सार्थक प्रयासों से जनजातीय क्षेत्रों में विकास की गंगा बहेगी और हमारे जनजातीय समुदाय निरंतर प्रगति के मार्ग पर अग्रसर होंगे। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने यह बात जगदलपुर के वन विद्यालय परिसर में धुरवा समाज के संभाग स्तरीय नुआखाई मिलन समारोह और नवनिर्मित सामाजिक भवन ओलेख के लोकार्पण कार्यक्रम में कही। इस अवसर पर उन्होंने धुरवा समाज हेतु 05 स्थानों पर पंद्रह-पंद्रह लाख रुपए की लागत से डोम निर्माण के लिए कुल 75 लाख रुपए की घोषणा की। साथ ही, धुरवा समाज के 36 सरपंचों द्वारा ग्राम पंचायतों के विकास हेतु प्रस्तुत प्रस्तावों को भी स्वीकृति प्रदान करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने प्रतीकात्मक गुड़ी में बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना की और धुरवा समाज के नवनिर्मित सामाजिक भवन ओलेख का लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने धुरवा समाज के वीर नायक शहीद गुंडाधुर को नमन करते हुए कहा कि आज का यह ऐतिहासिक नुआखाई मिलन समारोह हमारी समृद्ध संस्कृति और परंपराओं का संवाहक है। यह हमारे जनजातीय समाज की महान परंपरा है कि हम किसी भी अनाज या फल को ग्रहण करने से पूर्व अपने देवी-देवताओं की पूजा कर उन्हें अर्पित करते हैं और फिर ग्रहण करते हैं। यह परंपरा आज भी कायम है और आने वाली पीढ़ियों तक इसे बनाए रखा जाएगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने धुरवा समाज को सामाजिक भवन ओलेख के लोकार्पण की बधाई देते हुए कहा कि यह नवीन भवन समाज के विकास की दृष्टि से अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा और समाज के सभा-सम्मेलनों के लिए काम आएगा। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के योगदान को याद करते हुए कहा कि अटलजी ने जनजातीय समुदाय के कल्याण को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार में पृथक से जनजातीय कार्य मंत्रालय का गठन किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष की बधाई देते हुए कहा कि अटलजी का जन्मशताब्दी वर्ष अटल निर्माण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने आदिवासी बहुल बस्तर और सरगुजा संभाग के विकास के लिए विशेष आदिवासी क्षेत्र विकास प्राधिकरण की भूमिका का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने इन क्षेत्रों के विकास की चिंता करते हुए दोनों विशेष आदिवासी क्षेत्र विकास प्राधिकरणों का गठन किया था, जिससे योजनाओं के अतिरिक्त भी इन इलाकों में आवश्यक विकास कार्य सुनिश्चित किए जा सकें। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बस्तर संभाग के माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में नियद नेल्लानार योजना के माध्यम से सड़कों, पुल-पुलियों, बिजली और पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही आवास और राशन जैसी मूलभूत सुविधाएं प्रदान कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### छत्तीसगढ़ समेत 3 राज्यों में EOW का छापा: शराब और कोयला घोटाला से जुड़ा है मामला...

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में चल रहे शराब घोटाले और अवैध कोल लेवी वसूली प्रकरणों की जांच में आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (EOW) ने बड़ी कार्रवाई की है। रायपुर स्थित ईओडब्ल्यू की टीम ने छत्तीसगढ़ के साथ-साथ झारखंड और बिहार में भी एक साथ दबिश दी। इस दौरान टीम ने महत्वपूर्ण दस्तावेज, मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, संपत्ति से जुड़े कागजात और नगदी जब्त किए। अधिकारियों ने बताया कि जब्त की गई सामग्रियों का गहन विश्लेषण किया जा रहा है और आरोपियों से पूछताछ जारी है।

**शराब घोटाले में तीन राज्यों में दबिश**- रायपुर ईओडब्ल्यू में दर्ज अपराध क्रमांक 04/2024 (धारा 420, 467, 468, 471, 120बी भा.द.वि. एवं भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 7, 12) के तहत कार्रवाई की गई। मुख्य आरोपी कारोबारी अवधेश यादव और उसके सहयोगियों के ठिकानों पर दबिश कुल 7 स्थानों पर छापा: छत्तीसगढ़ (3), झारखंड (2), बिहार (2) टीम को मौके से महत्वपूर्ण दस्तावेज, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, संपत्ति से जुड़े कागजात और नगदी मिले अधिकारियों का कहना है कि बरामद सामग्रियों से घोटाले की नई कड़ियाँ सामने आ सकती हैं

**अवैध कोल लेवी वसूली प्रकरण में कार्रवाई**- इसके अलावा ईओडब्ल्यू ने अपराध क्रमांक 03/2024 (धारा 420, 120बी, 384, 467, 468, 471 भा.द.वि. एवं भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) में भी छापेमारी की। आरोपी जयचंद कोशले के रायपुर और जांजगीर-चांपा स्थित आवास पर तलाशी जयचंद कोशले, पूर्व आईएएस अधिकारी सौम्या चौरसिया का मुख्य सहयोगी माना जाता है। उस पर लगभग 50 करोड़ रुपये की अवैध कोल लेवी वसूली राशि का प्रबंधन करने का आरोप। तलाशी में दस्तावेज, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और संपत्ति से जुड़े कागजात बरामद हुए हैं।

**जांच की अगली दिशा**- ईओडब्ल्यू अधिकारियों ने बताया कि दोनों मामलों में जप्त सामग्री की फॉरेंसिक जांच और वित्तीय विश्लेषण किया जा रहा है। आरोपियों और संदिग्धों से लगातार पूछताछ जारी है। बरामद दस्तावेजों के आधार पर नई संपत्तियों और लेन-देन की कड़ियाँ खंगाली जाएंगी। अधिकारियों का कहना है कि आगे और छापेमार कार्रवाई हो सकती है

**पृष्ठभूमि:**- शराब घोटाला: करोड़ों रुपये के अवैध लाभ और सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाने का आरोप कोल लेवी घोटाला: छत्तीसगढ़ में कोयले के परिवहन व खनन से अवैध वसूली का बड़ा नेटवर्क, जिसमें कई अधिकारियों और कारोबारियों की संलिप्तता की आशंका इस तरह की छापेमार कार्रवाई से यह संकेत मिल रहा है कि ईओडब्ल्यू इन दोनों घोटालों की जांच को अंतिम मुकाम तक पहुंचाने के लिए आक्रामक रणनीति अपना रही है।

### अब भारत की ओर आंख उठाने की हिम्मत नहीं किसी देश में : अजय चंद्राकर



**रायपुर।** भाजपा रायपुर शहर जिला द्वारा आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन शनिवार को टाउन हॉल में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ शहर जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर के स्वागत उद्बोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि सम्मेलन से मिले सुझाव केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों में शामिल किए जाते हैं, जिससे जनता की भागीदारी सरकार में झलकती है। मुख्य वक्ता के रूप में कुरूद विधायक एवं पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने कहा कि आज भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और आयातङ्कनिर्यात रूपयों में कर रहा है। उन्होंने कांग्रेस सरकार के समय की स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि तब गांवों में महिलाओं को शौच के लिए रात का इंतजार करना पड़ता था और पानी के लिए लंबी कतारें लगती थीं, जबकि अब हर घर में शौचालय और पाइपलाइन से पानी उपलब्ध है। कार्यक्रम में रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक बजाज, चैंबर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज अध्यक्ष सतीश थोरानी और कैट प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। स्वागत तुषार चोपड़ा व सहयोगियों ने किया, संचालन अमित मैशेरी और आभार प्रदर्शन राजकुमार राठी ने किया। सम्मेलन में जसप्रीत सिंह, डॉ. सुजीत परिहार, पूजा शर्मा, सीए अमिताभ दुबे, अजय पाणिकर, अधिवक्ता सविता गुप्ता, स्मिता पांडे, वेदिका जैन, संतोष श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन मौजूद थे।

### आत्मनिर्भरता की मिसाल : बकरी पालन से सविता रजक बनीं ग्रामीण महिलाओं की प्रेरणा

**रायपुर।** साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाली सविता का सपना था कि वह बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाए और परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारें। महिला ग्राम संगठन से जुड़कर उन्हें बैंक लिंकेज, समूह से 50 हजार रुपए और पीएम मुद्रा लोन से 1 लाख रुपए का सहयोग मिला। इस राशि से बकरी पालन शुरू करते हुए उन्होंने आर्थिक मजबूती की नई राह पकड़ी।

सरकार की योजनाओं ने महिलाओं की जिंदगी बदलने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभाई है। जशपुर जिले के दुलदुला ब्लॉक के ग्राम छेड़डाड़ की श्रीमती सविता रजक इसकी उत्कृष्ट मिसाल हैं। बिहान योजना और पीएम मुद्रा लोन के सहारे उन्होंने बकरी पालन का व्यवसाय शुरू किया और आज अपने पैरों पर खड़ी होकर आत्मनिर्भर बनकर गांव की अन्य महिलाओं का हौसला बढ़ा रही हैं।

वर्तमान में सविता को बकरी पालन से हर माह लगभग 10 हजार रुपए की आय हो रही है। वह इस आय से बच्चों की पढ़ाई और घर-परिवार की जरूरतें पूरी कर रही हैं। साथ ही, व्यवसाय को आगे बढ़ाने के प्रयास भी कर रही हैं। सविता को अन्य योजनाओं का भी लाभ मिला है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से रसोई गैस, प्रधानमंत्री आवास योजना से पक्का घर और महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह 1,000 रुपए की आर्थिक मदद उनके जीवन स्तर में सुधार लाई है। आज सविता का परिवार खुशहाल है।

## संपादकीय

### कृत्रिम बुद्धिमता का इस्तेमाल

एआई यानी आर्टीफिशल इंटेलिजेंस (कृत्रिम मेधा) का इस्तेमाल जिस तेजी से प्रचलित होता जा रहा है। वह कई तरह के संकट भी उपजा रहा है। इसलिए संसद की समिति ने सरकार से एआई के मार्फत गढ़ी गई फर्जी खबरों को फैलाने वालों की पहचान करने और उन पर मुकदमा दायर करने के लिए ठोस कानूनी व तकनीकी समाधान विकसित करने को कहा है। संचार व सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी स्थाई समिति ने मसौदा रिपोर्ट में सूचना-प्रसारण मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय व अन्य संबंधित मंत्रालयों के बीच सहयोग का आग्रह भी किया है। हालांकि समिति के सुझाव सरकार के लिए मान्य नहीं हैं मगर संसदीय समितियां संसद का प्रतिनिधित्व करती हैं और सरकार इस पर बार-बार विचार करती रही है इसलिए ठोस कानूनी व तकनीकी समाधान विकसित किया जा सकता है। रिपोर्ट के अनुसार फर्जी खबरों का पता लगाने के लिए दो सॉफ्टवेयर प्रयोग हो रहे हैं। डीप लर्निंग फ्रेमवर्क व डीप फेक वीडियो, जिनके द्वारा फर्जी भाषण व फाइल का पता लगाने का प्रयास किया जाता है। कृत्रिम बुद्धिमता के प्रचलित होते ही घोटालेबाजों, उपद्रवियों व नफरत फैलाने वाले नकारात्मक लोगों द्वारा फर्जी खबरों या तस्वीरों का प्रयोग किया जा रहा है। गूगल समेत सभी तकनीकी कंपनियां कृत्रिम बुद्धिमता के उपयोग को सच बनाकर प्रचारित करने में पीछे नहीं रहना चाहती। बेशक फर्जी खबरों या वीडियो के मार्फत केवल राजनीतिक दलों को ही नुकसान नहीं पहुंचाया जा रहा बल्कि जानी-मानी शख्सियतों या भीषण दुर्घटनाओं, प्राकृतिक आपदाओं व युद्धादि की खबरों को भी बढ़ा-चढ़ाकर या वीभत्स तरीके से प्रचारित किया जाता है। फर्जी खबरों/वीडियो को समाज के लिए खतरे के तौर पर देखा जाता है। इनसे न सिर्फ नागरिकों में भय फैल सकता है बल्कि दंगे-फसाद या उन्माद भी बढ़ने की आशंका है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स विभिन्न चरणों की जांच का आासन भले ही देते हैं मगर ओछी मानसिकता वाले फर्जी बातें, खबरें या तस्वीरों को वायरल करने से बाज नहीं आते। हालांकि सरकार को सिर्फ अपने स्वार्थानुसार मुकदमे या कानून की बजाए एआई के किसी भी तरह के फर्जी/गलत या बदनियति से फैलाई खबरों/चित्रों पर रोकने या कानूनी कार्रवाई की कोशिशें करनी होगीं।

### माँ ब्रह्मचारिणी – नवरात्रि द्वितीय दिवस

तपस्विनी माँ ब्रह्मचारिणी, तू शक्ति की अनुपम छवि है,
द्वितीय दिवस में तेरी महिमा, भक्त ह्रदय की प्रिय विभूति है।
कमंडल और माला धारे, सफेद वस्त्र में सजी खड़ी,
तेरी तपस्या की कहानी, युगों युगों से सुनी चली।

हज़ारों वर्षों तक तपस्या, करती रही तू निष्काम,
फल–फूल तक का त्याग कर के, पत्ते खाकर किया तप साम।
फिर पत्ते भी छोड़ दिए तुमने, हवा पानी पर रह गई,
इसीलिए तो अपर्णा नाम से, तू संसार में कह गई।

स्वाधिष्ठान चक्र में विराजे, तू ज्ञान और शक्ति की रानी,
नारंगी रंग में रंगी आज की, तेरी दिव्य कहानी।
तपस्या से शिव को पाया, प्रेम की पराकाष्ठा दिखाई,
माँ ब्रह्मचारिणी तेरे चरणों में, सारी दुनिया शीश झुकाई।

धैर्य और निष्ठा की मूर्ति, तू संयम की साकार छवि,
तेरी एक झलक मात्र से, मिट जाती मन की हर गलत भावी।
मंगलवार के दिन तेरी पूजा, करते हैं भक्त श्रद्धा से,
मिले तुझसे जीवन में शक्ति, हर कष्ट दूर हो अद्भुत तत्वा से।

ब्रह्म की साधना में लीन, इसीलिए ब्रह्मचारिणी कहलाई,
तपोबल से शिव को रिझाकर, अर्धांगिनी का पद पाई।
तेरे हाथों में कमंडल शोभे, रुद्राक्ष माला की शान,
माँ तेरी कृपा से ही मिलती, भक्तों को परम ज्ञान।

गोदावरी के तट पर बैठकर, हज़ारों साल तक तप किया,
बिना अन्न जल के रहकर के, शिव प्रेम में खुद को मिटाया।
देवता भी तेरी तपस्या से, डर कर कांप जाते थे,
ब्रह्मा भी तेरे तप की शक्ति से, स्तुति गान गाते थे।

मन में जो भी विकार हैं, तू उन्हें नष्ट कर देती,
तप और त्याग का मार्ग दिखा, मोक्ष की राह दिखाती।
कामना और वासना के, बंधन काट देती माँ,
ब्रह्मचारिणी तेरी शरण में, शुद्ध होता है मन प्राण।

नवरात्रि के दूसरे दिन, तेरी पूजा का विधान,
तप और संयम की शक्ति से, मिलता हमें तत्वज्ञान।
चन्द्र सूर्य भी करते तेरी, आराधना दिन रात,
माँ ब्रह्मचारिणी तेरी कृपा से, खुल जाते भाग्य के द्वार।

हे माँ मेरे मन में भी, तेरा तेज जगा दे,
संयम और धैर्य की शक्ति से, मेरा जीवन सजा दे।
भटकता हूँ मैं विषयों में, तू सन्मार्ग दिखा दे,
ब्रह्मचारिणी माँ तेरी कृपा से, मेरा उद्धार करा दे।


तेरे चरणों में रखकर शीश, मैं प्रार्थना करता हूँ,
ब्रह्म तत्व की खोज में, तेरी शरण में आया हूँ।
मन की चंचलता मिटा कर, स्थिर चित्त बना दे माँ,
तेरे आशीर्वाद से ही तो, मुझे मोक्ष मिल जाए माँ।


जय जय ब्रह्मचारिणी माता, जय जय तपस्विनी रानी,
तेरे तप की गाथा सुनकर, पवित्र हो जाती वाणी।
द्वितीय दिवस की पूजा में, करो कृपा हे भवानी,
जय ब्रह्मचारिणी माँ बोलो, जय माता की जयजयवाणी।

**– वासवी राजू बरडे, नागपूर, महाराष्ट्र**

# राजद प्रवक्ताओं का टीवी डिबेट्स में व्यवहार: लोकतंत्र की गरिमा पर सवाल

**आशीष कुमार 'अंशु'**





हाल के दिनों में, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की प्रवक्ताओं–कंचना यादव, सारिका पासवान और प्रियंका भारती–के टीवी डिबेट्स में अभद्र व्यवहार और अपशब्दों से भरे वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। इन प्रवक्ताओं का आचरण न केवल राजनीतिक चर्चा के स्तर को नीचे लाता है, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की गरिमा को भी ठेस पहुंचाता है। न्यूज चैनलों पर होने वाली पैनल चर्चाओं में ये प्रवक्ता तथ्यों और तर्कों के बजाय व्यक्तिगत हमलों, अपशब्दों और प्रोपेगेंडा का सहारा लेती नजर आ रही हैं। इस तरह की हरकतों की कड़ी आलोचना हो रही है, और जनता के बीच इनके प्रति गुस्सा और निराशा साफ देखी जा सकती है।

इन वायरल वीडियो में कंचना यादव, सारिका पासवान और प्रियंका भारती का अन्य पैनलिस्टों के साथ व्यवहार निंदनीय रहा है। ये प्रवक्ता अक्सर चर्चा के दौरान विषय से भटककर व्यक्तिगत टिप्पणियां करती हैं और विरोधी पक्ष के तर्कों को सुनने की बजाय चीख–चिल्लाकर अपनी बात मनवाने की कोशिश करती हैं। उदाहरण के लिए, हाल ही में एक प्रमुख न्यूज चैनल पर आयोजित डिबेट में कंचना यादव ने एक पैनलिस्ट को अपशब्द कहते हुए उनकी योग्यता पर सवाल उठाया। यह व्यवहार न केवल असभ्य था, बल्कि यह भी दर्शाता है कि वे तथ्यपरक चर्चा में हिस्सा लेने के बजाय माहौल को विषाक्त करने में अधिक रुचि रखती हैं। इसी तरह, सारिका पासवान ने एक अन्य चर्चा में बिना किसी तथ्य के विपक्षी दलों पर कीचड़ उछालने की कोशिश की, जिसका कोई ठोस आधार नहीं था। प्रियंका भारती ने भी एक डिबेट में तर्कों को नजरअंदाज करते हुए भावनात्मक प्रोपेगेंडा और महिला व पिछड़ा कार्ड खेलने की कोशिश की, जो उनकी कमजोर तैयारी को उजागर करता है।

यह विशेष रूप से शर्मनाक है कि ये प्रवक्ता अपनी कमजोरियों को छिपाने के लिए बार–बार महिला और पिछड़ा होने का कार्ड खेलती हैं। यह रणनीति न केवल पुरानी और घिसी–पिटी हो चुकी है, बल्कि यह समाज के उन लोगों का भी अपमान करती है जो वास्तव में अपने समुदाय के लिए संघर्ष करते हैं। अगर इन प्रवक्ताओं को वंचित वर्ग से आने वाले किसी व्यक्ति से प्रेरणा लेनी है, तो उन्हें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रवक्ता डॉ. गुरु पासवान को देखना चाहिए। डॉ. पासवान, जो स्वयं एक वंचित समाज से आते हैं, अपनी हर बात को तथ्यों और तर्कों के साथ पेश करते हैं। वह किसी भी प्रश्न से पीछे नहीं हटते और न ही व्यक्तिगत हमलों का सहारा लेते। उनकी पढ़ाई–लिखाई, गहन विषय–ज्ञान और शालीनता उन्हें एक प्रभावी वक्ता बनाती है। उनकी तार्किक क्षमता और व्यवहार इस बात का प्रमाण है कि सामाजिक पृष्ठभूमि कोई बहाना नहीं होनी चाहिए; मेहनत, ज्ञान और सभ्यता ही असली ताकत हैं। क्या राजद की प्रवक्ताएं उनसे कुछ नहीं सीख सकतीं?

राजद प्रवक्ताओं की सबसे बड़ी कमी उनकी तथ्यहीनता और तैयारी की कमी है। जब उनसे तथ्य और आंकड़े मांगे जाते हैं, तो वे या तो विषय बदल देती हैं या फिर चीख–चिल्लाकर माहौल को तनावपूर्ण बनाने की कोशिश करती हैं। उदाहरण के लिए, एक हालिया डिबेट में जब कंचना यादव से बिहार में राजद शासन के दौरान शिक्षा और रोजगार के आंकड़ों पर सवाल किया गया, तो उन्होंने जवाब देने के बजाय विपक्षी पैनलिस्ट पर व्यक्तिगत टिप्पणी की। यह व्यवहार न केवल उनकी अक्षमता को उजागर करता है, बल्कि यह भी दिखाता है कि वे जनता के असल मुद्दों से कितनी दूर हैं। इसी तरह, सारिका पासवान ने एक अन्य चर्चा में बिहार में अपराध दर के आंकड़ों पर सवाल उठाए जाने पर तथ्यों के बजाय विपक्षी दलों पर अनर्गल आरोप लगाए। प्रियंका भारती भी अक्सर तथ्यों के अभाव में भावनात्मक अपील का सहारा लेती हैं, जो उनकी कमजोर तैयारी को और उजागर करता है।

सोशल मीडिया पर इन वीडियो को देखकर जनता का गुस्सा साफ झलकता है। लोग इन प्रवक्ताओं की तुलना उन नेताओं और प्रवक्ताओं से कर रहे हैं जो तथ्यों और तर्कों के साथ अपनी बात रखते हैं। ट्विटर और फेसबुक जैसे मंचों पर यूजर्स ने इन प्रवक्ताओं के व्यवहार को शर्मनाक और असभ्य करार दिया है। एक यूजर ने लिखा, राजद की प्रवक्ताएं तथ्यों के बजाय चीख–चिल्लाकर अपनी बात मनवाने की कोशिश करती हैं। यह राजनीति नहीं, नौटंकी है। एक अन्य यूजर ने सवाल उठाया, क्या राजद के पास ऐसे प्रवक्ता नहीं हैं जो तर्क और तथ्यों के साथ अपनी बात रख सकें? यह जनता की निराशा और गुस्से का स्पष्ट संकेत है।

यह समय है कि राजद अपनी प्रवक्ताओं को प्रशिक्षित करे और उन्हें समझाए कि राजनीतिक चर्चा का मकसद प्रोपेगेंडा फैलाना नहीं, बल्कि जनता को सच्चाई से अवगत कराना है। इन प्रवक्ताओं को यह समझना होगा कि अपशब्द और अभद्रता उनकी कमजोरियों को और उजागर करती है। अगर वे डॉ. गुरु पासवान जैसे प्रवक्ताओं से प्रेरणा लें, तो शायद वे अपनी विश्वसनीयता को बचा सकें। डॉ. पासवान का उदाहरण इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि वे न केवल अपनी सामाजिक पृष्ठभूमि का सकारात्मक उपयोग करते हैं, बल्कि अपनी तार्किक क्षमता और गहन ज्ञान के साथ हर चर्चा में प्रभाव छोड़ते हैं। उनकी शालीनता और तथ्यपरकता राजद की प्रवक्ताओं के लिए एक सबक हो सकती है।

राजद को यह भी समझना होगा कि टीवी डिबेट्स और सोशल मीडिया के इस युग में जनता की नजरें हर बात पर हैं। लोग अब उन नेताओं और प्रवक्ताओं को महत्व देते हैं जो तथ्यों और तर्कों के साथ अपनी बात रखते हैं। अगर राजद अपनी छवि को सुधारना चाहता है, तो उसे अपनी प्रवक्ताओं को तथ्यपरक और सभ्य व्यवहार के लिए प्रशिक्षित करना होगा। इसके लिए पार्टी को निम्नलिखित कदम उठाने चाहिए:

– प्रशिक्षण और कार्यशालाएं: राजद को अपने प्रवक्ताओं के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने चाहिए, जिसमें उन्हें तथ्यपरक चर्चा, डिबेट की कला और शालीनता सिखाई जाए।

– तथ्यों पर जोर: प्रवक्ताओं को हर चर्चा के लिए अच्छी तरह तैयार करना चाहिए, जिसमें आंकड़े, तथ्य और नीतिगत जानकारी शामिल हो। इससे वे व्यक्तिगत हमलों और अपशब्दों से बच सकेंगी।

– सभ्यता और नैतिकता: प्रवक्ताओं को यह समझाना होगा कि अपशब्द और अभद्रता उनकी विश्वसनीयता को कम करती है। सभ्य और तार्किक व्यवहार ही जनता का विश्वास जीत सकता है।

– सकारात्मक प्रेरणा: पार्टी को डॉ. गुरु पासवान जैसे प्रवक्ताओं के उदाहरण को सामने रखना चाहिए, जो अपनी मेहनत और ज्ञान के दम पर सम्मान अर्जित करते हैं।

अंत में, राजद को अपनी प्रवक्ताओं की इस तरह की हरकतों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। जनता अब ऐसी राजनीति को बर्दाश्त नहीं करेगी जो तथ्यों के बजाय शोर–शराबे और अपशब्दों पर टिकी हो। इन प्रवक्ताओं को अपनी गलतियों से सबक लेना होगा और राजनीतिक चर्चा को एक सभ्य और तार्किक स्तर पर लाना होगा। अगर राजद इस दिशा में कदम नहीं उठाता, तो उसकी छवि को और नुकसान होने का खतरा है। यह समय है कि पार्टी अपने प्रवक्ताओं को न केवल प्रशिक्षित करे, बल्कि उन्हें यह भी समझाए कि राजनीति का असली मकसद जनता की सेवा करना है, न कि टीवी पर नौटंकी करना। भारतीय लोकतंत्र में सभ्य और तथ्यपरक चर्चा की जरूरत है, और राजद को इसमें अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी।

# टेक्नोलॉजी के चैंपियन हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**अश्विनी वैष्णव**



याद है कि जब सरकारी दस्तावेज बनवाना बड़ा मुश्किल काम हुआ करता था। कई बार चक्कर लगाने पड़ते थे, लंबी लाइनें लगती थीं, और कभी–कभी बेवजह की फीस देनी पड़ती थी। अब वही दस्तावेज़ सीधे आपके फ़ोन पर मिल जाते हैं। यह बदलाव यूं ही नहीं हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने तकनीक को भारत का सबसे बड़ा समान अवसर देने वाला साधन बना दिया। मुंबई का एक रेहड़ी–पटरी वाला भी वही यूपीआई पेमेंट सिस्टम इस्तेमाल करता है, जो एक बड़ी कंपनी का अधिकारी करता है। उनकी सोच में तकनीक पद के अनुरूप किसी ऊंच–नीच को नहीं मानती। यह बदलाव उनकी मूल सोच अंत्योदय को दर्शाता है– यानी कतार में खड़े सबसे आखिरी व्यक्ति तक पहुंचना। हर डिजिटल पहल का मकसद है कि तकनीक को सबके लिए समान रूप से उपलब्ध कराना। गुजरात में शुरू हुए ये प्रयोग ही भारत की डिजिटल क्रांति की नींव बने।

**गुजरात– जहां से शुरुआत हुई :** मुख्यमंत्री रहते हुए मोदी जी ने तकनीक और नवाचार के ज़रिए गुजरात को बदला। 2003 में शुरू की गई ज्योतिग्राम योजना में फीडर सेपरेशन तकनीक का उपयोग किया गया। इससे ग्रामीण उद्योगों को 24×7 नियमित बिजली मिली और तय समय पर खेतों को बिजली मिलने से ज़मीन के नीचे के पानी का स्तर कम गति से घटने लगा। महिलाएं रात में पढ़ाई कर सकीं और छोटे व्यवसाय फले–फूले, जिससे गाँव से शहर की ओर पलायन घटा। एक अध्ययन के अनुसार, इस योजना पर किए गए 1,115 करोड़ रुपये के निवेश की भरपाई सिर्फ़ ढाई साल में हो गई।

2012 में उन्होंने नर्मदा नहर पर सोलर पैनल लगाने का निर्णय लिया। इस परियोजना से हर साल 1.6 करोड़ यूनिट बिजली बनी, जो लगभग 16,000 घरों के लिए काफ़ी थी। साथ ही, नहर के पानी का वाष्पीकरण कम हुआ और पानी की उपलब्धता बढ़ी। एक ही पहल से कई समस्याओं का समाधान निकालना मोदी जी की तकनीक दृष्टि को दर्शाता है। स्वच्छ ऊर्जा बनाना और पानी बचाना, दोनों साथ–साथ। यह दक्षता और प्रभाव का उदाहरण था, जो साधारण समाधानों से कहीं अधिक था। इस नवाचार को अमेरिका और स्पेन द्वारा अपनाया जाना इसकी प्रभावशीलता को और मज़बूत करता है।

ई–धरा प्रणाली से ज़मीन के कागज़ात डिजिटल हुए। स्वागत पहल से नागरिक वीडियो कांफ्रेंसिंग द्वारा मुख्यमंत्री से सीधे जुड़ सके। ऑनलाइन टेंडरिंग से भ्रष्टाचार पर रोक लगी। इन पहलों से भ्रष्टाचार घटा और सरकारी सेवाओं तक पहुंच आसान हुई। लोगों का शासन पर भरोसा लौटा, जिसका असर गुजरात में लगातार मिलती बड़ी चुनावी सफलताओं में दिखा।

**राष्ट्रीय परिदृश्य :** 2014 में उन्होंने गुजरात के अनुभव और सीख को दिल्ली में उतारा। लेकिन पैमाना कहीं बड़ा था। उनके नेतृत्व में इंडिया स्टैक बना, जो दुनिया का सबसे समावेशी डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर है। इसकी बुनियाद जैम ट्रिनिटी (जन धन, आधार, मोबाइल) पर रखी गई।जन धन खातों ने 53 करोड़ से अधिक लोगों को बैंकिंग सिस्टम से जोड़ा। जो लोग अब तक आर्थिक रूप से बाहर थे, वे पहली बार औपचारिक अर्थव्यवस्था का हिस्सा बने। ठेले वाले, दिहाड़ी मज़दूर और ग्रामीण परिवार, जो केवल नकद पर निर्भर रहते थे, अब बैंक खातों से जुड़े। इससे उन्हें सुरक्षित बचत करने, सीधे सरकारी लाभ पाने और आसानी से क़र्ज़ तक पहुंचने का अवसर मिला। आधार ने नागरिकों को डिजिटल पहचान दी। अब तक 142 करोड़ से ज़्यादा पंजीकरण हो चुके हैं। इससे सरकारी सेवाओं तक पहुंचना आसान हो गया, जहां पहले कई दस्तावेज़ों की जांच की ज़रूरत पड़ती थी। डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) ने बिचौलियों को हटा दिया और गड़बड़ी कम की। अब तक डीबीटी से 4.3 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बचत हुई है। यही पैसा स्कूल, अस्पताल और अन्य बुनियादी ढांचे बनाने में लगाया जा रहा है।

पहले ग्राहक की पहचान (केवाईसी) की प्रक्रिया कठिन थी। इसमें कागज़ी दस्तावेज़ों की जांच, मैनुअल प्रक्रिया और कई बार की भाग–दौड़ शामिल होती थी। इससे सेवा प्रदाताओं को हर वेरिफ़िकेशन पर सैकड़ों रुपये खर्च करने पड़ते थे। आधार आधारित ई–केवाईसी ने इस खर्च को घटाकर मात्र 5 रुपये में कर दिया। अब छोटे से छोटे लेन–देन भी आर्थिक रूप से संभव हो गए हैं।

यूपीआई ने भारत के भुगतान करने का तरीका बदल दिया। अब तक 55 करोड़ से ज़्यादा लोग इसका इस्तेमाल कर चुके हैं। सिर्फ़ अगस्त 2025 में ही 20 अरब से अधिक लेन–देन हुए, जिनकी कुल राशि 24.85 लाख करोड़ रुपये रही।

अब पैसे भेजना बैंक में घंटों की परेशानी नहीं, बल्कि मोबाइल पर 2 सेकंड से भी कम का काम है। बैंक जाने, लाइन लगाने और कागज़ी प्रक्रिया की जगह अब क्यूआर कोड स्कैन से तुरंत भुगतान हो जाता है।

आज भारत दुनिया के कुल रियल–टाइम डिजिटल पेमेंट्स का आधा हिस्सा अकेले संभालता है। दस साल पहले भारत ज़्यादातर नकद पर निर्भर था। प्रधानमंत्री मोदी की सोच ने जैम ट्रिनिटी और यूपीआई ढांचे को अंतिम रूप दिया। जब कोविड आया और उन्होंने डिजिटल लेन–देन को बढ़ावा दिया, तो यह पूरा सिस्टम कामयाब साबित हुआ। नतीजा यह है कि आज यूपीआई, वैश्विक स्तर पर वीज़ा से भी अधिक लेन–देन करता है। एक साधारण मोबाइल फ़ोन अब बैंक, पेमेंट गेटवे और सर्विस सेंटर... सब कुछ बन गया है।

'प्रगति' ने शासन में जवाबदेही लाने का काम किया। यह प्लेटफ़ॉर्म प्रधानमंत्री को सीधे प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग से जोड़ता है, जहां हर महीने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए समीक्षा होती है। जब अधिकारियों को पता होता है कि प्रधानमंत्री लाइव वीडियो में उनका काम देखेंगे, तो जवाबदेही अपने आप बढ़ जाती है। जैसे किसी राजमार्ग परियोजना में देरी हो रही हो, तो प्रगति समीक्षा के दौरान तुरंत उस पर ध्यान दिया जाता है और अधिकारियों को देरी का कारण बताना पड़ता है। इससे तुरंत सुधार होता है और आखिरकार जनता को सीधा लाभ मिलता है।

**सबके लिए तकनीक :** तकनीक ने खेती और स्वास्थ्य सेवाओं को पूरी तरह बदल दिया है। हरियाणा के किसान जगदेव सिंह अब फ़सल से जुड़े फैसले लेने के लिए एआई ऐप्स का इस्तेमाल करते हैं। उन्हें मौसम की जानकारी और मिट्टी की सेहत का डेटा सीधे मोबाइल पर मिल जाता है।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के ज़रिए 11 करोड़ किसानों को सीधी आय सहायता डिजिटल माध्यम से पहुंचाई जाती है। डिजी–लॉकर के अब 57 करोड़ से ज़्यादा उपयोगकर्ता हैं, जिनमें 967 करोड़ दस्तावेज़ डिजिटल रूप से सुरक्षित रखे गए हैं। आपका ड्राइविंग लाइसेंस, डिग्री सर्टिफ़िकेट, आधार और अन्य सरकारी दस्तावेज़ अब आपके फ़ोन में सुरक्षित रहते हैं। सड़क पर पुलिस चेकिंग के दौरान अब कागज़ ढूंढने की ज़रूरत नहीं। बस डिजी–लॉकर से डिजिटल लाइसेंस दिखा दीजिए। आधार ऑथेंटिकेशन से आयकर रिटर्न भरना भी बेहद आसान हो गया है। जहां पहले ढेर सारे दस्तावेज़ों की फ़ाइलें साथ ले जानी पड़ती थीं, अब सब कुछ आपकी जेब में मोबाइल पर समा गया है।

**अंतरिक्ष और नवाचार :** भारत ने वह कर दिखाया जो असंभव सा लगता था। मंगल तक पहली कोशिश में पहुंचना और वह भी इतने कम खर्चे में, जितना एक हॉलीवुड फ़िल्म पर भी नहीं लगता। मंगलयान मिशन केवल 450 करोड़ में पूरा हुआ, जिसने साबित किया कि भारतीय इंजीनियरिंग विश्वस्तरीय नतीजे दे सकती है। चंद्रयान–3 ने भारत को चाँद पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला चौथा देश बनाया और चाँद के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला पहला देश। इसरो ने एक ही मिशन में 104 उपग्रह छोड़े, जो एक विश्व रिकॉर्ड है। अब भारतीय रॉकेट 34 देशों के उपग्रह अंतरिक्ष में पहुँचा रहे हैं। गगनयान मिशन भारत को चौथा ऐसा देश बनाएगा जो अपनी स्वदेशी तकनीक से इंसानों को अंतरिक्ष में भेजेगा। प्रधानमंत्री मोदी हमारे वैज्ञानिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे और उनकी क्षमताओं पर पूरा भरोसा जताया।

**वैश्विक नेतृत्व :** जब कोविड–19 आया, तो पूरी दुनिया वैक्सीन बांटने की अफरा–तफरी से जूझ रही थी। भारत ने अपनी ताक़त दिखाते हुए समाधान दिया। कोविन प्लेटफ़ॉर्म रिकॉर्ड समय में बनाया गया। यह दुनिया के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान का एक संपूर्ण डिजिटल समाधान था। इस प्लेटफ़ॉर्म ने 200 करोड़ से अधिक वैक्सीन डोज़ को सटीक डिजिटल ढंग से संभाला। न कोई ब्लैक मार्केटिंग, न पक्षपात सिर्फ़ पारदर्शी वितरण। डायनैमिक एलोकेशन की वजह से बर्बादी रुकी। बची हुई वैक्सीन तुरंत उन इलाक़ों में भेज दी जाती थी जहां ज़्यादा ज़रूरत थी। यह उपलब्धि दिखाती है कि जब तकनीक को राजनीतिक इच्छाशक्ति का सहारा मिलता है, तो वह बहुत बड़े स्तर पर और पूरी निष्पक्षता के साथ परिणाम दे सकती है।

**मैन्युफैक्चरिंग क्रांति :** चीज़ें बनाने का असली नियम यह है कि आप सीधे चिप्स बनाने पर नहीं कूद सकते, पहले बुनियादी चीज़ें सीखनी पड़ती हैं। यह बिल्कुल वैसे है जैसे कोडिंग सीखते समय सबसे पहले हैलो वर्ल्ड से शुरुआत होती है, उसके बाद ही बड़े ऐप्स बनाए जाते हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन भी इसी क्रम का पालन करता है। देश पहले असेंबली में महारत हासिल करते हैं, फिर सब–मॉड्यूल्स, कंपोनेंट्स और उपकरणों तक आगे बढ़ते हैं। भारत की यात्रा भी इसी प्रगति को दर्शाती है। प्रधानमंत्री की दृष्टि के तहत, आज हमारी मजबूत इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन क्षमता हमें उन्नत सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग की ओर छलांग लगाने में मदद कर रही है।

भारत लंबे समय से डिज़ाइन टैलेंट का केंद्र रहा है। दुनिया के 20% से ज़्यादा चिप डिज़ाइनर यहीं हैं। अब भारत 2एनएम, 3एनएम और 7एनएम जैसे एडवांस्ड चिप्स डिज़ाइन करने में सक्षम है। ये चिप्स भारत में डिज़ाइन होकर दुनिया भर के लिए बनाए जा रहे हैं।


वर्तमान में फ़ैब्स और पैकेजिंग फ़ैसिलिटीज़ बनाने पर फोकस करना इस प्राकृतिक विकास का अगला कदम है। लेकिन यह सोच केवल निर्माण तक सीमित नहीं है। सेमीकंडक्टर उत्पादन में इस्तेमाल होने वाले केमिकल्स, गैस और विशेष सामग्री को भी समर्थन दिया जा रहा है।

इससे केवल फैक्ट्रियाँ नहीं, बल्कि एक पूरा ईकोसिस्टम खड़ा हो रहा है। इन क्षेत्रों में बढ़ोतरी प्रधानमंत्री मोदी की वैल्यू चेन की गहरी समझ से संभव हुई है। क्षमता को कदम–दर–कदम विकसित करना और हर चरण को मजबूत बनाना, उसके बाद ही अगले स्तर पर बढ़ना।

**बुद्धिमत्ता से युक्त बुनियादी ढाँचा :** पीएम गति शक्ति पोर्टल जीआईएस तकनीक का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल करता है। हर बुनियादी ढांचे की परियोजना डिजिटल रूप से मैप की जाती है। सड़कें, रेल, हवाई अड्डे और बंदरगाह अब साथ में योजना बनाकर तैयार होते हैं। अब अलग–अलग विभागों में बिखरा काम नहीं, और न ही तालमेल की कमी से होने वाली देरी।

इंडिया एआई मिशन के तहत 38,000 से अधिक जीपीयू उपलब्ध कराए गए हैं, वह भी वैश्विक लागत के एक–तिहाई दाम पर। इससे स्टार्टअप, शोधकर्ताओं और छात्रों को सिर्फ़ 67 रुपये प्रति घंटे की दर पर सिलिकॉन वैली जैसी कंप्यूटिंग सुविधा मिली है।

# घर में इन 4 चीजों को रखने से आती हैं खुशियां



## आर्थिक तंगी से मिलता है छुटकारा

**वर्तमान में हर कोई सुख-सुविधाओं भरा जीवन बिताना चाहता है। धन कमाने के लिए हर व्यक्ति कड़ी मेहनत करता है। कई बार कुछ लोगों को सफलता प्राप्त हो जाती है, तो कुछ कड़ी मेहनत के बाद भी आर्थिक संकट दूर नहीं कर पाते हैं। हर कोई वास्तु शास्त्र कहता है कि घर में कुछ चीजों को लाने से आर्थिक संकट दूर होता है और मां लक्ष्मी का वास होता है। जानें किन चीजों को घर में रखने से सकारात्मक ऊर्जा का वास होता है।**

<u>भगवान गणेश की मूर्ति-</u> घर में भगवान गणेश की मूर्ति या प्रतिमा रखना बहुत ही शुभ होता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, विघ्नहर्ता की कृपा से जीवन की सभी बाधाएं दूर हो जाती हैं और घर में पॉजिटिव एनर्जी आती है। वास्तु दोष से भी मुक्ति मिलती है।



<u>श्रीफल-</u> वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर में श्रीफल या नारियल रखने से घर में सकारात्मक ऊर्जा आती है। घर में नारियल रखना बहुत ही शुभ होता है। कहा जाता है कि नारियल रखने से घर में सुख-संपदा का वास होता है। जीवन में खुशहाली आती है।

<u>शंख-</u> वास्तु शास्त्र कहता है कि घर के मंदिर में शंख रखना बहुत ही शुभ होता है। शंख रखने से घर में पॉजिटिविटी का संचार होता है। शंख रखने से वास्तु दोष दूर होता है और जीवन में खुशहाली आती है।

<u>मां लक्ष्मी व भगवान कुबेर की तस्वीर-</u> वास्तु कहता है कि धन संबंधी परेशानियों से मुक्ति पाने के लिए घर में मां लक्ष्मी व भगवान कुबेर की मूर्ति या तस्वीर लगानी चाहिए। मान्यता है कि मां लक्ष्मी व भगवान कुबेर की कृपा से जीवन में धन का अभाव नहीं होता है।

# पंचतत्व से जुड़े 5 शिवालय

## जहां से भोले का भक्त कभी नहीं लौटता खाली हाथ



सनातन परंपरा में भगवान भोलेनाथ की भक्ति का विशेष महत्व बताया गया है। यही कारण है कि हर शिव भक्त न सिर्फ अपने घर में बल्कि देश में स्थित तमाम शिवालयों पर जाकर अपनी कामना के अनुसार औढरदानी शिव की साधना-आराधना करता है। हिंदू धर्म में भगवान द्वादश ज्योतिर्लिंग से जुड़े मंदिरों की तरह पंचतत्व पर आधारित उन 5 शिवालयों का बहुत महत्व माना गया है, जिनके दर्शन मात्र से ही शिव साधक की बड़ी से बड़ी मनोकामना पलक झपकते पूरी हो जाती है। शिव कृपा बरसाने वाले ये 5 पावन धाम कहां हैं और इनकी पूजा का क्या है धार्मिक महत्व आइए इसे विस्तार से जानते हैं।

### एकंबरनाथ मंदिर (पृथ्वी तत्व)

पृथ्वी तत्व पर आधारित भगवान शिव का यह चमत्कारी मंदिर तमिलनाडु के कांचीपुरम में स्थित है। आम के पेड़ के नीचे प्रतिष्ठित इस शिवलिंग के बारे में मान्यता है कि इसके दर्शन मात्र से शिव साधक के सभी कष्ट और चिंताएं दूर हो जाती हैं। बालू से बनें एकंबरनाथ शिवलिंग का जलाभिषेक करने की बजाय छींटे देने की परंपरा है। भगवान शिव का यह मंदिर देश के 10 बड़े मंदिरों में से एक है जो कि 23 एकड़ के क्षेत्र में है।



### जंबूकेश्वर मंदिर (जल तत्व)

त्रिचिरापल्ली में स्थित जंबूकेश्वर मंदिर को जल तत्व का प्रतीक माना जाता है। मंदिर में प्रतिष्ठित शिवलिंग को स्थानीय लोग अप्पू लिंगम के नाम से पूजते हैं, जिसका अर्थ होता है जल लिंगम। भगवान भोलेनाथ का यह मंदिर भी काफी बड़े क्षेत्र लगभग 18 एकड़ में बना है। इस मंदिर के बारे में मान्यता है कि कभी यहां पर माता पार्वती ने जल से शिवलिंग निकाल कर महादेव की पूजा की थी।



### अरुणाचलेश्वर मंदिर (अग्नि तत्व)

तमिलनाडु के तिरुवन्नामलाई में स्थित इस मंदिर में भगवान शिव की पूजा अग्नि तत्व के रूप में की जाती है। हिंदू मान्यता के अनुसार महादेव के इस मंदिर में दर्शन और पूजन करने पर शिव भक्त के जीवन में छाया अंधेरा दूर होता है और उसे असीम ऊर्जा की प्राप्ति होती है। अरुणाचलेश्वर मंदिर में प्रतिष्ठित शिवलिंग लगभग तीन फिट है। दक्षिण भारत के इस शिव मंदिर में दर्शन के लिए हर दिन बड़ी संख्या में भक्तगण पहुंचते हैं।




### कालहस्तीश्वर मंदिर (वायु तत्व)

भगवान शिव का वायु तत्व पर आधारित मंदिर आंध्र प्रदेश के जिला चित्तुर के काला हस्ती क्षेत्र में स्थित है। उंची पहाड़ी पर बने भगवान शिव के इस मंदिर को शिव भक्त दक्षिण का कैलाश कहकर बुलाते हैं। कालहस्तीश्वर मंदिर के भीतर प्रतिष्ठित शिवलिंग की उंचाई लगभग चार फिट है। इस शिवलिंग को वायु लिंग या कर्पूर लिंगम के नाम से भी जाना जाता है। इस शिवलिंग पर न तो जल चढ़ाया जाता है और न ही इसका स्पर्श किया जाता है।



### नटराज मंदिर (आकाश तत्व)

भगवान शिव का आकाश तत्व पर आधारित मंदिर तमिलनाडु के चिदंबरम शहर में स्थित है। दक्षिण भारत के इस मंदिर को थिल्लई नटराज मंदिर के नाम से जाना जाता है, जहां पर भगवान शिव की नृत्य करते हुए मूर्ति के दर्शन होते हैं। पंचतत्वों पर आधारित मंदिरों में सिर्फ यही एक मंदिर है जहां पर भगवान शिव की लिंग की बजाय मूर्ति या फिर कहें साकार रूप की पूजा होती है।



# बारिश के मौसम में कौन सी सब्जियां खानी चाहिए ?



## खरीदने से पहले देख लें

**बारिश के मौसम की सब्जियांः बारिश में कौन-कौन सी सब्जियां आती हैं। आपसे अगर हम ये सवाल पूछ लें तो थोड़ी देर आप भी सोच में आ जाएंगे। इसके पीछे एक कारण ये है कि बारिश में सब्जियों की कमी को लेकर हमारे दिमाग में पहले से ही कुछ बाते हैं। जैसे इस मौसम की सब्जियां गली और सड़ी होती हैं। महंगी होती हैं और इनमें कीड़े होते हैं, लेकिन ये तमाम चीजें के इतर एक फैक्ट ये भी है कि बारिश में कई प्रकार की सब्जियां हमारे खेतों में उगती हैं बस बाजार तक उनकी पहुंच में दिक्कत होने की वजह से ये मंहगी हो जाती हैं या पहुंचते-पहुंचते सड़ जाती हैं। पर इसका अर्थ ये नहीं है कि बारिश में सब्जियां नहीं होती इसलिए हमें दालों का सेवन करना चाहिए। तो, आइए जानते हैं इन सब्जियों के बारे में।**

### 1. बीन्स

बारिश के मौसम में खेतों में बीन्स आ जाती हैं। दरअसल, बीन्स लता वाली सब्जियों में आता है और इन्हें खाना आपकी सेहत के लिए कई प्रकार से फायदेमंद है। दरअसल, ये जमीन से ऊपर रहते हैं और इसलिए बारिश में बचे हुए रह जाते हैं। आप बीन्स को सब्जी, भजिया और पुलाव में इस्तेमाल कर सकते हैं।



### 2. लोबिया

लोबिया एक फलीदार सब्जी है और बारिश के मौमस में आपको ये आराम से मिल जाएंगी। आप इसे आराम से बना खा सकते हैं। इसके प्रयोग आप सूप से लेकर सब्जी तक में कर सकते हैं। ये सेहत के लिए भी अच्छा है।



### 3. भींडी

भींडी को लेकर कुछ लोगों को मत ये है कि ये गर्मी वाली सब्जी है लेकिन, क्या नहीं है। भींडी आपको इस बरसात के मौसम में भी मिल जाएगी। भींडी को आप कई प्रकार की सब्जियों में इस्तेमाल कर सकते हैं।



### 4. करेला

करेला आपको इस मौसम में भी मिल जाएगा। दरअसल, ये भी लता वाली सब्जियों में आता है और आप इसे अपने घरों में भी लगा सकते हैं। ये डायबिटीज से लेकर दिल के मरीजों तक के लिए फायदेमंद है। तो, इस मौसम में कुछ न मिले तो करेला खाएं।



### 5. चौलाई

चौलाई का सेवन आपकी सेहत के लिए कई प्रकार से फायदेमंद है। ये हड्डियों से जुड़ी समस्याओं वालों के लिए भी फायदेनमंद है। तो, आप चौलाई का साग बनाएं, पकौड़ी खाएं और इसे आलू के साथ मिलाकर सब्जी बनाएं।



### 6. सफेद पेठा



सफेद पेठा, आपकी सेहत के लिए कई प्रकार से फायदेमंद है। इन्हें वेट लॉस करने वाले ज्यादा खाते हैं। आप इससे सब्जी, रायता और फिर पेठा भी बनाकर खा सकते हैं। तो, इस मौसम में आप इस सब्जी को आराम से खाएं।



### 7. तुरई

तुरई आपकी सेहत के लिए कई प्रकार से फायदेमंद है। ये पानी से भरपूर सब्जी इस मौसम में आपको आरान से मिल जाएगी। तो, बाजार जाएं तो इन सब्जियों का ज्यादा चुनाव करें। ये बाकी तुलना में सस्ते हो सकते हैं और इन्हें खाना भी फायदेमंद हो सकता है।

# बड़े सपनों को पूरा करने के लिए यूं बढ़ाएं फोकस

## मिलेगी सफलता

हर कोई अपने लाइफस्टाइल को बेहतर बनाने के लिए तमाम सपनों को देखता है। इन सपनों को पूरा करने के लिए लक्ष्य को निर्धारित करना बहुत ही जरूरी होता है। बहुत से लोग लक्ष्य तो निर्धारित कर लेते हैं लेकिन उस पर फोकस नहीं कर पाते हैं। इस वजह से लक्ष्य को पाना उनके लिए मुश्किल भरा होता है। कई बार बहुत कोशिश के बाद भी लोग अपने लक्ष्य पर फोकस नहीं कर पाते हैं और हमेशा उनका ध्यान भटकता रहता है। ऐसे में यहां कुछ तरीके बता रहे हैं जो फोकस रहने में आपकी मदद करेंगे।



### अच्छे से करें दिन की शुरुआत

सुबह सबसे पहले भरपूर हरी सब्जियां, अच्छे और कम फैट वाले प्रोटीन नाश्ता खाकर दिन शुरू करें। दिन भर के लिए अपने लक्ष्यों पर ध्यान लगने के लिए मेडिटेशन करने का रूटीन बनाएं। इसी के साथ एक्सरसाइज के लिए भी सुबह का समय सबसे अच्छा होता है। ऐसा करने पर ब्लड पंप होता है जिससे आपको ज्यादा एनर्जी मिलती है पूरे दिन ध्यान लगा रहने में मदद मिलती है।

### एक मंत्र सेट करें

मंत्र आपके दिमाग को फिर से स्थापित करने और ध्यान लगाए रखने का एक शक्तिशाली तरीका है। आप इसे अपने मुताबिक सेट कर सकते हैं बस रोजाना इसे जोर से और उत्साह से कहें। ऐसा करने पर आपको फोकस जरूर बढ़ेगा।

### मल्टीटास्क न करें

मल्टीटास्क करने पर आप कई काम खराब तरीके से कर रहे होते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि हर बार जब हम काम बदलते हैं, तो हमारा थोड़ा सा ध्यान पीछे रह जाता है। इससे ध्यान भटकता है।

### प्लान बनाएं

रोजाना प्लान की लिस्ट बनाना और यह सोचना कि आप इस काम को पूरी कर लेंगे, ये सही नहीं है। अपने लक्ष्यों को महीने, हफ्ते और दिन के आधार पर डिवाइड करें। ऐसा करने पर लक्ष्य पाना आसान हो सकता है।

# रात में सोने से पहले चेहरे पर लगाएं ये चीजें

## मानसून में खिला-खिला रहेगा चेहरा

*मानसून के मौसम में स्किन का चिपचिपा होकर डल दिखना काफी कॉमन है। हालांकि, इस समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है। इसके लिए करना ये हैं कि एक सही स्किन केयर रूटीन को जानें। वैसे तो स्किन केयर के लिए आपको अपनी स्किन क्वालिटी पता होनी चाहिए। हालांकि, सभी स्किन केयर में स्टेप्स सेम ही होते हैं। मानसून में अगर आप खिली-खिली स्किन चाहती हैं तो रात में सोने से पहले इन स्टेप्स को फॉलो करें।*

### <u>ग्लोइंग स्किन के लिए क्या लगाएं</u>

**क्लीनिंग-** सोने से पहले अपने चेहरे को अच्छे से साफ करें। आंखों पर मेकअप किया है तो पहले ऑयल मसाज करने के बाज कॉटन से साफ करें और फिर चेहरे को धोएं। चेहरा साफ करने के लिए आप दूध का इस्तेमाल भी कर सकती हैं।

**टोनर-** अपने चेहरे को अच्छे से साफ करने के बाद इसपर टोनर का इस्तेमाल करें। ये स्किन को अच्छी तरह से साफ करने में मदद करेगा। टोनर की मदद से पोर्स तो साफ होते ही हैं, बल्कि उसका साइज बढ़ा होने से रोकने और उन्हें मिनीमाइज करने में भी मदद करते हैं। फेस टोनर की जगह आप गुलाब जल का इस्तेमाल भी कर सकती हैं।



**फेस मास्क-** चेहरे को अच्छे से साफ करने के बाद अगर आप सीरम का इस्तेमाल करती हैं तो उसे लगाएं। या फिर एलोवेरा जेल की एक पतली लेयर को भी आप चेहरे पर लगा सकती हैं। एलोवेरा जेल स्किन की कई तरह की परेशानियों से निपटने में आपकी मदद कर सकता है।

# घरों में फैली गंध से हैं परेशान

## इन टिप्स से महक उठेगा कोना-कोना

बरसात में घरों के भीतर नमी और सीलन से दुर्गन्ध की समस्या फैल जाती है। कोई गेस्ट आ जाए तो बड़ी शर्मिन्दगी सी महसूस होती है। बरसात में सबसे बड़ी समस्या घरों में गीले कपड़ों को पसारने और सुखाने की होती है। कई लोग घरो में ही बालकनी, आंगन या फिर कमरे में ही कपड़ों को पसारते हैं। इस कारण नमी और सीलन से घर के हर कोने में बदबू फैल जाती है। गीले और नम कपड़ों, भींगे जूतों, अलमारी,रसोई से अजीब सी गंध उत्पन्न होती है।

**बारिश में घरों में फैली दुर्गन्ध को ऐसे करें दूर :** सही वेंटिलेशन नहीं होना और सूरज की रोशनी की कमी इस बासी गंध का मुख्य कारण है। इसके अलावा, फफूंदी और फफूँद के धब्बे सेहत के लिए नुकसानकारी होने के साथ घरों की रौनक भी खराब कर देते हैं। इस दुर्गन्ध से निजात पाने का सबसे बढ़िया तरीका है कि जितना संभव हो सके घर को सूखा और हवादार बनाएं। जब भी बारिश बंद हो और धूप खिली हो तो कपड़ों को हवा में रखना और सुखाना बेहतर होगा। अलमारियों में कपड़े और जूते गीले ना रहें इसका ध्यान रखें। बढ़ती नमी के साथ, लकड़ी के दरवाजों के अंदर और कपड़ों पर भी फफूंद के धब्बे दिखाई दे सकते हैं। नीम का तेल, सूखे नीम के पत्ते, सफेद सिरका, बेकिंग सोडा, और कुछ आवश्यक तेल सफाई के साथ दुर्गन्ध दूर करने में बहुत असरदार हैं । लकड़ी के दरवाजों को सिरके या नीम के तेल के घोल से साफ किया जा सकता है। बेकिंग सोडा, सूखे नीम



के पत्तों का पैकेट अलमारी में रख सकते हैं। नेप्थलीन की गोलियों को अलमारी में रख सकते हैं। पसंदीदा सुगंध वाली मोमबत्तियों और अगरबत्तियों के इस्तेमाल से खुशबू फैला सकते हैं। किचन हो या घर का कोई भी कोना कचरा जमा ना होने दें। बाथरूम की नियमित सफाई करें। घर में रोज धूप या कपूर जलाने से बदबू खत्म हो जाती है।

# मानसून में डेंगू और मलेरिया का खतरा, ऐसे बढ़ाएं ब्लड प्लेटलेट्स

**मानसून ने पूरे भारत में चिलचिलाती गर्मी से राहत तो दिला दी है, लेकिन इसके साथ ही डेंगू का खतरा भी काफी बढ़ गया है, क्योंकि इस मौसम में मच्छरों का लार्वा तेजी से बढ़ता है। हर साल डेंगू बुखार से कई लोगों की मौत हो जाती है। इस बीमारी में ब्लड प्लेटलेट काउंट तेजी से गिरता है। अगर आपको भी यह समस्या है तो कुछ पौधों का रस राहत दिलाने वाला साबित हो सकता है।**

### डेंगू कैसे फैलता है?

डेंगू एक संक्रामक रोग है जो एडीज एजिप्टी मच्छर के काटने से फैलता है। चूंकि इसके शरीर पर सफेद धारियां होती हैं इसलिए इसे 'टाइगर मॉस्किटो' भी कहा जाता है। इस मच्छर का लार्वा साफ पानी में पनपता है और यह दिन में काटता है। डेंगू का मच्छर डंक मारकर अपना वायरस इंसान के शरीर में फैलाता है, फिर जब यह किसी दूसरे स्वस्थ व्यक्ति को काटता है तो उसका शरीर भी संक्रमित हो जाता है। आमतौर पर यह 16 से 30 डिग्री तापमान पर अधिक बढ़ता है इसलिए बरसात का मौसम इसके प्रजनन के लिए उपयुक्त होता है।




### डेंगू बुखार में प्लेटलेट काउंट गिर जाता है

एक स्वस्थ व्यक्ति में प्रति माइक्रोलीटर रक्त में प्लेटलेट्स की संख्या 1,50,000 से 2,50,000 के बीच होती है, लेकिन जब टाइगर मच्छर के काटने के बाद बुखार आता है, तो यह संख्या आमतौर पर 1 लाख से अधिक हो जाती है और प्लेटलेट कम हो जाता है, जिससे जान का खतरा बढ़ जाता है।



### डेंगू होने पर पियें ये 2 जूस

#### 1) पपीते के पत्तों का रस

जब भी आपको या आपके परिवार के किसी सदस्य को डेंगू बुखार हो और प्लेटलेट काउंट कम हो जाए तो पपीते के पत्तों का रस निकालकर पिएं, जल्द ही फायदा होगा।

#### 2) गिलोय का रस

गिलोय एक ऐसा पौधा है जिसे अगर आयुर्वेद का वरदान कहा जाए तो शायद गलत नहीं होगा। डेंगू बुखार बढ़ने पर तुरंत इसका जूस निकालकर पी लें, इससे प्लेटलेट्स काउंट तेजी से बढ़ता है और ठीक होने में भी आसानी होती है।



### डेंगू से बचने के उपाय

बरसात के मौसम में गमले, नारियल के छिलके, टायर और पक्षियों के लिए रखे गए बर्तनों जैसी चीजों में पानी जमा न होने दें। इसके अलावा समय-समय पर कूलर का पानी बदलते रहें या फिर उसमें 2 चम्मच मिट्टी का तेल डाल दें। पानी की टंकी खुली रखने पर भी उसमें डेंगू के मच्छर पनपने लगते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बिजली बिलों की मार से जनता बेहाल, आफ़ताब अहमद ने सरकार को घेरा



**राजनांदगांव।** प्रदेश में बढ़ते बिजली बिल और लगातार हो रही बिजली कटौती को लेकर यूथ कांग्रेस के महासचिव आफ़ताब अहमद ने भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनाव के समय जनता को मोदी की गारंटी के नाम पर 24/7 बिजली और सस्ते बिल का वादा किया था, लेकिन अब स्थिति बिल्कुल उलट है। उन्होंने भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र का हवाला देते हुए कहा कि भाजपा ने 400 यूनिट तक हाफ बिजली बिल की कांग्रेस सरकार की योजना को खत्म कर दिया है। इससे प्रदेश के करीब 60 लाख उपभोक्ताओं पर दो से तीन गुना बिल का बोझ आ गया है। आफ़ताब अहमद ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में जनता पहले ही महंगाई से त्रस्त है, ऊपर से बढ़े हुए बिजली बिल और कटौती ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। छत्तीसगढ़ एक बिजली सरप्लस राज्य होने के बावजूद, यहां की जनता को महंगी बिजली दी जा रही है। उन्होंने सवाल किया कि जब हमारे पास जंगल, कोयला और पानी जैसी प्राकृतिक संपदा है तो बिजली महंगी क्यों? यूथ कांग्रेस महासचिव ने कहा कि भाजपा ने बिजली बिल हाफ करने का वादा किया था, लेकिन अब तो बिजली की आपूर्ति ही आधी कर दी गई है। गांवों में रोजाना 6-7 घंटे बिजली गुल रहना सामान्य बात हो गई है। कई क्षेत्रों में तो लगातार दो-दो दिन तक बिजली नहीं आती। किसान खेती के सीजन में सबसे ज्यादा परेशान हैं और कई इलाकों में विरोध प्रदर्शन और चक्काजाम हो रहे हैं, लेकिन सरकार मौन है। आफ़ताब अहमद ने कहा कि अगर यही हाल रहा तो वो दिन दूर नहीं जब छत्तीसगढ़ की जनता को लालटेन और चिमनी के सहारे गुजारा करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता के साथ है और अगर जल्द ही समाधान नहीं निकला तो यूथ कांग्रेस सड़कों पर उतर कर आंदोलन करेगी।

### होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने नया 'माय होंडा-इंडिया' मोबाइल ऐप लॉन्च किया

**नईदिल्ली।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (HMSI), जो भारत के सबसे पसंदीदा टू- व्हीलर ब्रांड्स में से एक है, ने अपने नए कस्टमर कनेक्ट प्लेटफ़ॉर्म माय होंडा-इंडिया मोबाइल ऐप के लॉन्च की घोषणा की। एक ऑल-इन-वन प्लेटफ़ॉर्म के रूप में डिज़ाइन किया गया यह इनोवेटिव ऐप एचएमएसआई के मौजूदा और नए ग्राहकों के जुड़ने के तरीके को बिल्कुल नया रूप देता है। यह ऐप पूरे ओनरशिप जर्नी के दौरान ग्राहकों को स्मूद, ट्रांसपेरेंट और एंगेजिंग डिजिटल एक्सपीरियंस प्रदान करता है। माय होंडा-इंडिया ऐप का लॉन्च एचएमएसआई की ग्राहक संतुष्टि के प्रति प्रतिबद्धता और हर चरण में सुविधा व इनोवेशन लाने के विज़न को दर्शाता है। यह ऐप होंडा वन आईडी से इंटीग्रेटेड है एक यूनिफ़ाइड डिजिटल आइडेंटिटी सिस्टम, जो ग्राहकों को सेल्स, सर्विस और ओनरशिप से जुड़ी सभी ज़रूरतों के लिए एक ही प्लेटफ़ॉर्म उपलब्ध कराता है। अब माय होंडा-इंडिया के ज़रिए ग्राहक होंडा के पूरे टू-व्हीलर पोर्टफ़ोलियो को एक्सप्लोर कर सकते हैं, प्रोडक्ट से जुड़ी पूछताछ कर सकते हैं, मॉडल्स की तुलना कर सकते हैं, टेस्ट राइड बुक कर सकते हैं, फ़ाइनेंस ऑप्शंस देख सकते हैं और लेटेस्ट अपडेट्स व नोटिफ़िकेशन्स पा सकते हैं। खरीदारी के चरण से आगे बढ़ते हुए, यह ऐप ग्राहकों को उनकी ओनरशिप जर्नी मैनेज करने की सुविधा भी देता है। इसमें डिजिटल ओनर मैनुअल, डॉक्यूमेंट स्टोरेज, सर्विस अपॉइंटमेंट बुकिंग, रियल टाइम सर्विस ट्रैकिंग और सर्विस हिस्ट्री एक्सेस जैसे फ़ीचर्स शामिल हैं। इसके अलावा ग्राहक पार्ट्स और एक्सेसरीज़ इंक्वायरी, स्मार्ट वर्कशॉप सपोर्ट और सेल्स व सर्विस ज़रूरतों के लिए इंस्टैंट रिमाइंडर्स का लाभ भी उठा सकते हैं। अपनी बहुमुखी सुविधाओं को और आगे बढ़ाते हुए, माय होंडा-इंडिया ऐप लोकेशन-आधारित सर्विसेज भी प्रदान करता है, जैसे नज़दीकी होंडा ऑथराइज़्ड डीलरशिप्स और पेट्रोल पंप खोजने की सुविधा। साथ ही यह ग्राहकों को एचएमएसआई की सेफ़्टी, हेल्थ और एन्वायरनमेंट पहल, फेस्टिव ग्रीटिंग्स, ऑफ़र्स और रोचक अपडेट्स से भी जोड़ता है। यह ऑल-इन-वन प्लेटफ़ॉर्म न केवल ग्राहकों की सुविधा बढ़ाता है, बल्कि पर्सनलाइज़्ड कम्युनिकेशन, तेज़ रिस्पॉन्स टाइम और एक समान ब्रांड अनुभव देकर कस्टमर रिलेशनशिप को भी मजबूत करता है, घोषणा पर बोलते हुए, श्री योगेश माथुर, डायरेक्टर, सेल्स और मार्केटिंग, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने कहा: हम नए माय होंडा-इंडिया मोबाइल ऐप को लॉन्च करके बेहद उत्साहित हैं। ग्राहकों के अनुभव को और बेहतर बनाने की हमारी प्रतिबद्धता ने हमें इस रिवॉल्यूशनरी ऐप को विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

# प्रधानमंत्री मोदी के जन्म दिवस के पर ब्रह्माकुमारी आनंद सरोवर में एक विशेष युवा समिट नशा मुक्त युवा-विकसित भारत का आयोजन

### युवा जागृत है,नशा मुक्त है तो देश महान नहीं सर्वश्रेष्ठ है - रीटा दीदी



**दुर्ग (समय दर्शन)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के बघेरा स्थित आनंद सरोवर में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष एक विशेष युवा समिट नशा मुक्त युवा-विकसित भारत का आयोजन किया गया।इस अवसर पर रुंगटा कॉलेज में अध्यनरत प्रदेश के विभिन्न स्थानों से आए हुए युवा छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया । बतौर मुख्य अतिथि भूपेंद्र कुलदीप (कुलसचिव हेमचंद विश्वविद्यालय दुर्ग), आर.एल. ठाकुर(संयुक्त संचालक शिक्षा विभाग दुर्ग),डॉ. दीपक कोठारी(प्लास्टिक सर्जन दुर्ग), डॉ.सत्यधर्म भारती (प्रोफेसर रुंगटा कॉलेज दुर्ग),ब्रह्माकुमारी रीटा दीदी(संचालिका ब्रह्माकुमारीज़ दुर्ग) ब्रह्माकुमारी रूपाली दीदी,ब्रह्माकुमारी चैतन्य प्रभा दीदी ने दीप प्रज्वललित कर व कुमारियों के स्वागत नृत्य द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।

मुख्य अतिथि के रूप में भूपेंद्र कुलदीप (कुलसचिव हेमचंद विश्वविद्यालय दुर्ग) ने बताया कि सशक्त राष्ट्र का निर्माण कैसे होगा यदि आप असफल होना जिंदगी में नहीं सीखेंगे, प्राथमिक शिक्षा से पहले यह शिक्षा आवश्यक है।यदि आपका मन स्वस्थ है तो आपको तनाव कभी भी नहीं होगा मन स्वस्थ रखने के लिए क्या किया जाए मन को स्वस्थ रखने के लिए आप सकारात्मक बदलाव अपने जीवन में लाइए चाहे वह ईश्वर की साधना करें सकारात्मक लोगों की संगति करें सकारात्मक विचारों से घिरे रहे यह बहुत महत्वपूर्ण है ।

आर.एल. ठाकुर (संयुक्त संचालक शिक्षा विभाग दुर्ग) ने कहा कि अपने आचरण व व्यवहार से दो-चार लोगों को नशा व नकारात्मकता से मुक्त करते हैं यही हमारी शिक्षा की सार्थकता है । व्यसन व नकारात्मकता से मुक्त होने के लिए दृढ़ संकल्प की आवश्यकता है संकल्प होगा तो विकल्प नहीं होगा और कहीं विकल्प बना तो श्रेष्ठ संकल्प मार्ग में बढ़ाओ ठान लिया तो सब कुछ संभव है युवाओं में इतनी शक्ति इतनी ऊर्जा है ।

डॉ.सत्यधर्म भारती - (प्रोफेसर रुंगटा कालेज ) ने कहा कि आज की यह जो अभूतपूर्व ऊर्जा है दृढ़ संकल्प करें और आज ही उसको छोड़ने का यकीन मानिए आपका जीवन रूपांतरित हो जाएगा एक उज्जवल भविष्य आपकी प्रतीक्षा में है। कल्पना कीजिए एक तरफ कमजोर दुर्बल पंगु युवा पुरुष हम एक तरफ कल्पना करिए सशक्त चैतन्य ऊर्जा से परिपूर्ण युवा आप किसे चुनेंगे जाहिर है आपके मन में भी लालसा होगी एक सशक्त युवा की जो संकल्प लेना चाहे मन में एक दृढ़ संकल्प कीजिए और जो भी व्यसन है उसको आज से ही विराम दीजिए ।

डॉ. दीपक कोठारी ( प्लास्टिक सर्जन दुर्ग )ने अपने उद्बोधन में कहा कि तनाव दूर करने का उपाय सिर्फ व्यसन करना नहीं है मेडिटेशन किजिए सकारात्मक लोगों का साथ लिजिए।आप लोग को भी सुनने में आता होगा कि डॉक्टर पार्टी में बहुत ड्रिंक करते हैं पर मैं नहीं पीता तो मुझे प्रेशर था उस चीज की यार दोस्तों की अब जब मैं कॉन्फ्रेंस में जाता हूं या कोई भी हमारी सोशल मीटिंग में जाता हूं तो आज सारे डॉक्टर अब मुझे यह बोलते हैं कि अच्छा है कि आप नहीं करते 10 वर्ष प्रैक्टिस के बाद यह चीज अब मैं सुन रहा हूं पर एक मानसिक संतुष्टि तो हो रहा है ।

ब्रह्माकुमारी रीटा दीदी (संचालिका ब्रह्माकुमारीज़ दुर्ग) ने अपने दिव्य वक्तव्य मे कहा कि युवा जागृत है,नशा मुक्त है तो देश महान नहीं सर्वश्रेष्ठ है । आज सभी यह संकल्प लें आज जो युवा छात्र-छात्राएं उपस्थित है स्वयं में परिवर्तन कर 10 को परिवर्तन करने का लक्ष्य रखें 10 से 100 से 1000 इस प्रकार यह सशक्त राष्ट्र के निर्माण में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी ।

ब्रह्माकुमारी चैतन्य प्रभा दीदीने कहा कि पल भर की सुकून,चैन पाने के लिए की गई छोटी सी गलती उम्र भर की सजा बन जाती है तो जरूरी है कि समय रहते इस नशे से स्वयं को भी मुक्त रखना और अपने साथ सभी मित्र संबंधियों को भी इससे मुक्त रखना और जागरूक करना और इसी उद्देश्य को लेकर के यह कार्यक्रम पूरे भारत में ब्रह्मकुमारी के द्वारा चलाया जा रहा है। ब्रह्माकुमारी संस्था काउंसलिंग के साथ-साथ राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराती है जिसके द्वारा हमारे मन में दृढ़ता आती है मन सशक्त और शक्तिशाली बनता है ब्रेन को पॉजिटिव एनर्जी मिलती है जिससे नशे को छोड़ना बहुत आसान हो जाता है।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी अतिथिगण एवं युवा छात्र-छात्राओं को रूपाली दीदी ने प्रतिज्ञा कराया कि विकसित भारत के लिए स्वदेशी वस्तुओं को अपनायेंगे। 2- स्वयं नशा मुक्त रहकर औरों को भी नशा मुक्त कर सशक्त राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान देंगे।

# दीपावाली के बाद तीन दिनों तक थम जाएगी छत्तीसगढ़ में वाहनों के पहिए

### छत्तीसगढ़ ड्राईवर महासंगठन का 25 से 27 अक्टूबर तक संपूर्ण छत्तीसगढ़ में चक्का जाम

**दुर्ग/अंडा (समय दर्शन)।** छत्तीसगढ़ ड्राईवर महासंगठन शाखा आल ड्राईवर एसोसियेशन दुर्ग द्वारा समस्त वाहन चालक बंधुओ एवं सर्व समाज से अपील की है, कि25 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक स्टेयरिंग छोड़ो आंदोलन को सफल बनाने का साथ देने समर्थन मांगा है। ताकि ड्राइयर भाई अपने बाल बच्चो के भविष्य को उज्जवल बनाने में अपना अपना योगदान दे। दीपावली के उपरांत 25 अक्टूबर से 27 अक्टूबर 2025 तक संपूर्ण छत्तीसगढ़ में ड्राईवर महासंगठन के द्वारा स्टेरिंग छोड़ो आंदोलन का आहवान किया गया है।समस्त ड्राईवर समाज को अपनी भागीदारी निभाना है। हर ड्राईवर को आगे आना है। आंदोलन को सफल बनाना है। घर बैठकर लंबी दीवाली मनाना है।उड़िसा सरकार ने मानी अब छत्तीसगढ़ सरकार की बारी है।




दुर्ग जिलाध्यक्ष ड्राईवर संघ भारत यादव ने बताया कि हमारी मांगों में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ में पूर्ण शराब बंदी , छत्तीसगढ़ में ड्राईवर वेलफेयर बोर्ड का गठन , ड्राईवर के लिये सुरक्षा कानून हेतु ड्राईवर आयोग का गठन ,ड्राईवर की दुर्घटना में मृत्यु होने पर परिवार को 20 लाख रु का मुआवजा प्रदान की जाये, ड्राईवर की दुर्घटना में विकलांग होने पर परिवार को 10 लाख रू मुआवजा प्रदान की जाये, 1 सितंबर को ड्राईवर दिवस घोषित किया जाये। छत्तीसगढ़ राज्य में ड्राइवरो के बच्चो को निजी स्कूलों में शिक्षा का 10त्न आरक्षण, छत्तीसगढ़ राज्य के ड्राइवरों के परिवार के हेल्थ कार्ड जारी की जाये और छत्तीसगढ़ राज्य के ड्राइवरों को 55 वर्ष उम्र पश्चात सरकार की तरफ से पेंशन राशि दिया जाये। स्टेयरिंग छोड़ो आंदोलन को सफल बनाने 20 सितंबर को दुर्ग बालोद मार्ग के अंडा थाना क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया गया,जिसके तहत दुपहिया वाहनों को मात्र 400 रु में आई एस आई मार्का वाला हेलमेट उपलब्ध कराया गया एवं साइबर क्राइम पर भी जागरूक किया गया साथ ही कार चालकों को सीट बेल्ट लगाने हिदायत दी गई।

**सत्येंद्र सिंह**
**डीएसपी ,बीपी साव**

थाना प्रभारी अंडा एवं समस्त थाना स्टाफ ने आल ड्राइवर एसोसिएशन दुर्ग द्वारा अंडा में चलाया गया ट्रैफ्कि और साइबर क्राइम पर जन जागरूक अभियान को बहुत ही अच्छी पहल बताया,मात्र 400 रु मे आईएसआई मार्क वाला हेलमेट प्रदान करना की सराहना की।

# बिजली बिल से राहत सूर्यघर योजना: पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से लोगों को मिल रहा जबरदस्त लाभ

**दुर्ग (समय दर्शन)।** पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना योजना के तहत दुर्ग जिले के लोग न केवल बिजली के भारी बिलों से छुटकारा पा रहे हैं, बल्कि अतिरिक्त यूनिट ग्रिड में बेचकर आमदनी भी प्राप्त कर रहे हैं। यह योजना आम लोगों के लिए सोलर पैनल लगवाना पहले से कहीं ज़्यादा आसान और किफायती बन रही है, जिसके पीछे केंद्र और राज्य सरकार की भारी सब्सिडी का अहम योगदान है। इस योजना के तहत उपभोक्ताओं को रूफ्टॉप सोलर प्लांट लगाने पर केंद्र और राज्य दोनों की तरफ से अधिकतम 1.08 लाख तक की सब्सिडी दे रही है. इस सब्सिडी से लोगों पर आर्थिक बोझ नहीं पड़ रहा। सोलर पैनल एक बार का निवेश है, जो सालों तक बिना किसी रखरखाव के काम करता है, जिससे उपभोक्ताओं को लंबे समय तक फायदा होता है। विगत दिवस स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने इस योजना के प्रचार के लिए एक सूर्य रथ को हरी झंडी दिखाई। इस रथ का उद्देश्य लोगों को जागरूक करना है कि वे कैसे अपने घरों की छतों पर सौर ऊर्जा प्रणाली स्थापित कर सकते हैं और बिजली के भारी बिलों से मुक्ति पाकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान कर सकते हैं। दुर्ग जिले के कई परिवारों ने इस योजना का लाभ उठाया है। रसमड़ा निवासी ओमप्रकाश साहू, धनोरा के राजीव दंडोना, भिलाई निवासी श्री डीके वर्मा जैसे कई लोगों ने अपनी छतों पर सोलर पैनल लगाकर अत्यधिक बिजली बिल चुकाने से मुक्ति पाई है। यह योजना सभी वर्गों के लिए है और इसके अंतर्गत अब आम नागरिक बिना किसी बड़ी लागत के अपने घरों को रौशन कर सकते हैं। कोहका, भिलाई निवासी श्री अमित जायसवाल ने 3 किलोवाट का सोलर पैनल सिस्टम लगाया है. उन्होंने बताया कि पहले उनका बिजली बिल 7000 से 8000 रूपए आता था। सोलर पैनल लगवाने के बाद उनका बिल घटकर सिर्फ 500-600 रूपए आता है। उन्होंने बैंक ऑफ बड़ौदा से 7 प्रतिशत वार्षिक दर पर 1.90 लाख का लोन लिया था। उन्हें केंद्र सरकार से 78,000 हजार और राज्य सरकार से 30,000 रूपए की सब्सिडी भी मिली है। जुलाई से उनका सोलर पैनल काम कर रहा है।



# छत्तीसगढ़ की एतिहासिक भाटापारा की रामलीला का स्वर्णिम इतिहास, नवरात्र में 106वें वर्ष का मंचन 22 सितंबर से प्रारंभ

**वीर अभिमन्यु नाटक के साथ होगा रामलीला प्रारंभ, नवरात्र के छठें दिवस पर राजा हरिश्चंद्र नाटक की होगी प्रस्तुति**

### 22 सितंबर से 3 अक्टुबर तक 12 दिनों का होगा एतिहासिक मंचन

**भाटापारा (समय दर्शन)।** छत्तीसगढ़ की सबसे प्राचीन एवं एतिहासिक रामलीला का मंचन बलौदाबाजार-भाटापारा जिला के भाटापारा नगर में आयोजित की जाती है, जिसका मंचन प्रतिवर्ष नवरात्र पक्ष में किया जाता है जो इस वर्ष भी आदर्श रामलीला नाटक मंडली भाटापारा द्वारा आगामी नवरात्र के प्रथम दिवस 22 सितंबर 2025 से किया जाएगा। आदर्श रामलीला नाटक मंडली भाटापारा के सदस्यो ने बताया कि यहां रामलीला समिति का गठन ब्रिटिश काल में सन 1920 मे स्थापित किया गया था, तब से रामलीला का मंचन हो रहा है। 106वें वर्ष को मंचन 22 सितंबर 2025 से आरंभ होकर 3 अक्टुबर 2025 तक, 12 दिनो तक मंचन होगा । दशहरा उत्सव एवं रावण वध की लीला के साथ पुरे रामचरित मानस के आधार पर संपुर्ण रामायण का संक्षिप्त मंचन रावणभाटा मैदान भाटापारा में 2 अक्टुबर को दशहरा पर्व पर आयोजित होगा। रामलीला में नारदमोह, मुनिआगमन, धनुषयज्ञ, वनवास, सीताहरण, जटायुमरण, शबरी प्रसंग, रामसुग्रीव मित्रता, बालीवध, लंकादहन, विभिशण-शरणागति, अंगदरावण संवाद, लक्ष्मणशक्ति, मेघनाथ वध, कुंभकर्ण वध, अहिरावण वध, राजतिलक जैसी लीलाओ का मंचन कर भगवान श्रीराम के चरित्र को दिखाया जाता है और धर्मसंस्कृति का प्रचार किया जाता है।



**भाटापारा की रामलीला का है अनोखा साहित्य-** आदर्श रामलीला नाटक मंडली भाटापारा द्वारा मंचित रामलीला का साहित्य अनोखे तरिके से तैयार किया गया है जिसमे गोस्वामी तुलसीदास कृत श्रीरामचरितमानस मुख्य आधार है, इसके अलावा यहां बोले जाने वाले संवादो में राधेश्याम रामायण, आर्य संगीत रामायण, रामचरित्र दर्पण रामायण, वसुनायक रामायण, ज्वालाप्रसाद कृत श्रीरामायण, नाट्य रामायण, हिन्दी रामायण, नथाराम गोंड संगीत रामायण, राधेश्याम पंडित कृत नाट्य जैसे अनेको साहित्य के मंथन और विषेशज्ञ व जानकारो द्वारा अनुवादीत हिन्दी के मिश्रण से रामलीला मंचन के लिए साहित्य तैयार किया गया है जिसके माध्यम से मनोरम एवं मनमोहक रूप से रामलीला का संचालन किया जाता हैं।

**नन्हे बच्चो की कलाकारी है विषेशता वही मातृभाषा से जुड़ते है बच्चे-** भाटापारा की रामलीला में 7 से 10 साल के बच्चे करते है अभिनय और बोलते हे फर्राटेदार रामलीला के संवाद। इस रामलीला मे 10 वर्ष का बच्चा कर रहा है लक्ष्मण का पात्र अभिनय। वही दुसरी से लेकर 12वीं तक के बच्चे अधिकतर रामायण के किरदार को निभाते है जिसमें राम, लक्ष्मण, सीता, रावण, हनुमान, कुम्भकर्ण, जैसे अनेक किरदारो को जीवंत करते हुए शानदार रामायणो के संवादो को बोलते हुए मंचन करते है। जिसके कारण इसे बच्चो की रामलीला भी कहते है साथ ही बच्चे इस रामलीला में साहित्यिक हिन्दी, संस्कृत , अवधि भाषा जैसे अनेक साहित्यो को सीखते है। जो वर्तमान में अंग्रेजी की आवश्यकता बच्चो को अपने मातृभाषा से दुर कर रही है वही ये रामलीला बच्चो को अपने धर्म संस्कृति से जोड़ते हुए मातृभाषा का भी ज्ञान दे रही है।

**नवरात्र के नवमी पर होती है भव्य देवीलीला-** नवरात्र मे प्रथम दिवस से आयोजित इस रामलीला में नवमी दिवस पर अहिरावण वध की लीला पर भव्य देवीलीला का आयोजन होता है जो भयानक डरावनी एवं पाताललोक का प्रदर्शन होता है जिसे देखने उस दिन रामलीला मैदान पर हजारो में लोगो की भीड़ होती है। मां निकुम्बला देवी की शानदार झांकी प्रदर्षित की जाती है। जिसमे अहिरावण के द्वारा रामलक्ष्मण का हरण कर देवी के समक्ष बली चढाने ले जाया जाता है और हनुमानजी द्वारा अहिरावण का वध किया जाता है। पुरे छत्तीसगढ़ नही अपितु पुरे प्रदेश मे इस तरह की भव्य प्रदर्शन भाटापारा की रामलीला में ही देखने को मिलता है।

**रामलीला मंचन में पारम्परिकता के साथ आधुनिकता के साथ प्रदर्शन-** जहां रामलीला हारमोनियम, डोलक, मजीरे के साथ संचालित होती थी वही आधुनिक मोबाइल, टीवी, एवं सोशल मिडिया के जमाने के चलते रामलीला के दर्शक के मनमोहने एवं देखने की उत्सुकता बढ़ाने के लिए हारमोनियम के साथ, नाल-तबला, पेड जैसे आधुनिक वाद्य यंत्र, पारंपरिक कपड़े के पर्दो के स्थान पर सीन-सिनरी को बैकग्राउंड मे दिखाने के लिए एलईडी लगाई जाती है। आधुनिक साऊंड एवं कॉलर माईक का उपयोग किया जाता है। लाइट, वाटरप्रुफ पंडाल एवं दर्शको के बैठने के लिए कुर्सीयो की व्यवस्था की जाती है साथ ही युटयुब के माध्यम से लाइव प्रसारण कर लोगो के मोबाइलो एवं स्मार्ट टीवी के माध्यम से घर-घर तक रामलीला दिखाने का प्रयास किया जाता है।

**वर्तमान ये कलाकार व प्रबंधन कर रही ये आदर्श रामलीला संचालित-** कलाकार आदित्य जोशी, वासु शर्मा, वैभव तिवारी, लव शर्मा, धरमपाल सोनी, श्याम मल, अभि अग्रवाल, लक्ष्य चौरसिया, आदित्य सोनी, हर्ष गुप्ता, काव्यांश शर्मा, मंगल मिश्रा, शौर्य मिश्रा, अग्रांश शर्मा, नमन मल, मुकुल शर्मा, जयमल, गब्बर शर्मा, शुभ केशरवानी, अकर्ष केशरवानी, कार्तिक शर्मा, वीर शर्मा, रौशन शर्मा, कृपांश शर्मा, आरव सोनी, कार्तिकेय पांडे, वेदांश दधिच, मुकेश बांधे, केशव ओझा, मानस केशरवानी, गौरव साहू, गुलशन जायसवाल, तुलसी जायसवाल, अंशुल सिखववाल, विकास ठाकुर, निलेश मल, मनोज पिंटी गुप्ता, कोमल शर्मा, जगदीश वैष्णव, आयुष तिवारी शामिल है। व्यास प्रमुख रामलीला अध्यक्ष प्रकाश शर्मा, धन्जी भाई जोशी, देवनारायण लाला शर्मा, रामजी जोशी एवं मुख्य प्रबंधन सुर्यकांत बाबु शुक्ला, बजरंग लाल चौरसिया, संदीप मोनू मल, हेमंत मल, राहूल तिवारी, सिद्धांत जाधव, राहूल जोशी, विनय ठाकुर, अमित मिश्रा, साजसज्जा कार्य मे शिवनारायण गुप्ता, आदित्य गुप्ता एवं अन्य सदस्यो द्वारा रामलीला संचालित किया जाता है।

## खबर-खास

### एसबीआई कार्ड ने 'खुशियाँ अनलिमिटेड' कैंपेन के साथ अपने फेस्टिव ऑफर 2025 की शुरुआत की

**नई दिल्ली:** भारत में क्रेडिट कार्ड जारी करने वाली सबसे बड़ी कंपनी, एसबीआई कार्ड ने 'खुशियाँ अनलिमिटेड' कैंपेन की शुरुआत के साथ, पूरे देश में 2025 के फेस्टिव सीज़न के लिए कई तरह के रोमांचक ऑफर्स पेश किए हैं। ग्राहक देश के टियर 2 और टियर 3 श्रेणी के शहरों सहित 2900 से ज़्यादा शहरों में ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्लेटफॉर्म पर मर्चेंट की ओर से दिए जाने वाले 1,250 से ज़्यादा ऑफर्स, कैशबैक और तत्काल छूट का लाभ उठा सकते हैं। ये फेस्टिव ऑफर्स घरेलू सामानों, मोबाइल, लैपटॉप, फैशन, फर्नीचर, गहने, ई-कॉमर्स और किराना जैसे सभी प्रमुख श्रेणियों पर लागू हैं। ज़्यादा कीमत वाली खरीदारी को कार्डधारकों के लिए अधिक आसान एवं सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से, एसबीआई कार्ड ने ईएमआई को ध्यान में रखकर कई मशहूर ब्रांड्स के सहयोग से कई ऑफर भी पेश किए हैं।

इस उत्सव के माहौल में चार चांद लगाने के लिए, एसबीआई कार्ड अपने प्रमुख भागीदार ब्रांड्स से खरीदारी पर इंस्टेंट डिस्काउंट का बहुत ही रोमांचक ऑफर दे रहा है, जिसमें अमेज़न, रिलायंस रिटेल ग्रुप, मैक्स, रेमंड्स, मोंटे कार्लो और इसी तरह के कई दूसरे ब्रांड शामिल हैं। इसके अलावा, एसबीआई कार्ड की ओर से कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, मोबाइल और लैपटॉप जैसी लोकप्रिय श्रेणियों में ईएमआई को ध्यान में रखकर ऑफर की पेशकश की गई है, जिनमें 27.5त्न तक की तत्काल छूट भी शामिल है। फेस्टिव ऑफर के तहत शुरू की गई इस पहल में भाग लेने वाले प्रमुख ब्रांड्स में सैमसंग, हायर, एलजी, सोनी, ओप्पो, वीवो, पैनासोनिक, व्हर्लपूल, बॉश, आईएफबी, एचपी, लॉयड आदि शामिल हैं।

### सैमसंग ने भारत में गैलेक्सी स्माटफोन्स की कीमतों पर विशेष छूट देकर त्योहारों की खुशियां बढ़ाई

**गुरुग्राम।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग, ने आज चुनिंदा गैलेक्सी स्मार्टफोन्स पर अब तक की सबसे कम कीमतों की घोषणा की। इन विशेष कीमतों के साथ, ग्राहक गैलेक्सी स्मार्टफोन्स को उनकी लॉन्चिंग के बाद से सबसे आकर्षक कीमतों पर खरीद सकते हैं और एआई- पावर्ड फीचर्स का आनंद उठा सकते हैं। निश्चित रूप से ये फीचर्स उनके रोजमर्रा के अनुभवों को अधिक सुलभ, रचनात्मक और उत्पादक बनाते हैं। गैलेक्सी S24 ltra, गैलेक्सी S24 और गैलेक्सी S24 FE काउंटरपॉइंट रिसर्च के अनुसार, गैलेक्सी S24 अल्ट्रा भारत का सबसे ज्यादा बिकने वाला प्रीमियम स्मार्टफोन है। मूल रूप से 1,29,999 रुपये की शुरुआती कीमत वाला यह फोन त्योहारी सेल के दौरान केवल 71,999 रु पये में उपलब्ध होगा। गैलेक्सी S24, जो क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 8 जेन 3 द्वारा संचालित है, केवल 39,999 रुपये में उपलब्ध होगा, जबकि गैलेक्सी S24 FE, जिसमें गैलेक्सी S24 सीरीज जैसा ही उन्नत एआई अनुभव मिलता है, केवल 29,999 रुपये में मिलेगा। गैलेक्सी A55 5G और गैलेक्सी A35 5G अब 42% तक की छूट के साथ उपलब्ध गैलेक्सी A55 5G केवल 23,999 रुपये की आश्चर्यजनक कीमत पर उपलब्ध होगा, जबकि गैलेक्सी A35 5G केवल 17,999 रुपये में मिलेगा। काउंटरपॉइंट रिसर्च के अनुसार, 2024 में गैलेक्सी A55 5G और गैलेक्सी A35 5G अपने-अपने प्राइस सेगमेंट में सबसे ज्यादा बिकने वाले स्मार्टफोन थे।

# किसी बच्चे को भीख मांगते देखें, तो चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 पर सूचना दें

### मिशन वात्सल्य की संयुक्त टीम ने मंदिर देवालय, दुर्गा पंडालों में किया निरीक्षण

**कवर्धा ( समय दर्शन )।** नवरात्रि के दौरान देवी मंदिरों में बढ़ती भीड़ के बीच कई बच्चे भिक्षावृत्ति में लिप्त पाए जाते हैं। इसे रोकने के लिए कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। आम जनता से अपील की गई है कि वह किसी भी बच्चे को भीख मांगते दिखे तो तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर सूचना दें। जिला कार्यक्रम अधिकारी आनंद तिवारी के मार्गदर्शन एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी चंचल यादव के नेतृत्व में मिशन वात्सल्य चाइल्ड हेल्प लाइन और विशेष किशोर पुलिस इकाई की संयुक्त टीम द्वारा नवरात्रि के पावन में शहर के मंदिर, देवालय दुर्गा पंडालों व परिसरों का भ्रमण किया जा रहा है। इस दौरान टीम ने भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों की पहचान कर उसके पुनर्वास के लिए योजना बनाई जा रही है।

माता-पिता और अभिभावकों को समझाईश दी गई कि वह बच्चों को शिक्षा की ओर प्रेरित करें और भिक्षा मांगने के लिए मजबूर ना करें, श्रद्धालुओं को भी जागरूक किया गया कि वह बच्चों को भिक्षा देने की बजाय उसकी पढ़ाई और पुनर्वास में सहयोग करें। संयुक्त टीम द्वारा स्थानीय पुलिस और समाज, सभी संगठनों के साथ मिलकर मंदिर परिसरों के अलावा बस स्टैंड सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भी भ्रमण किया जा रहा है। आम जनता से अपील की गई कि अगर वह किसी बच्चे को भिक्षावृत्ति करते देखे तो तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर सूचना दें।

इस नवरात्रि महापर्व अभियान में जिला महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा दो टीम गठित किया गया है जिसमें पहले पाली में सुबह 7 से 10 बजे तक महेश कुमार निर्मलकर परियोजना समन्वयक, विनय कुमार जँघेल, चंद्रशेखर जँघेल सुपरवाइजर, मंदाकिनी वर्मा केस वर्कर, भारती धुर्वे केस वर्कर तथा द्वितीय पाली शाम 4 से 8 बजे रात में अविनाश ठाकुर परामर्शदाता, रामलाल पटेल सुपरवाइजर, श्याम धुर्वे सुपरवाइजर, प्रिंसी गुप्ता आउटरिच वर्कर, खेमलाल खटर्जी टीम में शामिल है और विशेष पुलिस इकाई के कर्मचारी उपस्थित रहे।

**भीख मंगवाए जाने पर ये मिलेगी सजा**- किशोर न्याय (बालको की देखरेख संरक्षण) अधिनियम 2015 की धारा 76 के अनुसार, जो कोई व्यक्ति किसी बच्चे का वास्तविक प्रभार अथवा नियंत्रण रखता है और उसे भीख मंगवाने के लिए नियोजित करता है, वह पाँच वर्ष तक के कारावास और एक लाख रुपये तक के जुर्माने से दंडनीय है। वहीं, धारा 77 के तहत, किसी भी योग्य चिकित्सक के आदेश के बिना किसी बच्चे को नशीली शराब या नशीली दवा या मनोदैहिक पदार्थ देने वाले को सात वर्ष तक के कठोर कारावास और एक लाख रुपये तक के जुर्माने से दंडित किया जाएगा। हमारा उद्देश्य यह है कि बच्चों की शिक्षा और पुनर्वास सेवाओं से जोड़ना प्राथमिकता है और यह अभियान पूरे नवरात्रि के बाद आगे भी जारी रहेगा ताकि किसी भी बच्चों का बचपन नष्ट न हो ।

## कलेक्टर उइके ने किया आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण

### केंद्र में दी जाने वाली सुविधाओं का लिया जायजा




**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** कलेक्टर बी.एस.उइके ने आज ग्राम जड़जड़ा में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र में उपलब्ध व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया तथा बच्चों से आत्मीय संवाद भी किया। कलेक्टर ने रेडी टू ईट खाद्य सामग्री,बच्चों के लिए तैयार किए जा रहे गर्म भोजन और केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत प्रखर चंद्राकर,डीपीओ महिला एवं बाल विकास विभाग अशोक पांडे,परियोजना अधिकारी सहित आंगनबाड़ी पर्यवेक्षक,कार्यकर्ता मौजूद रहे। कलेक्टर श्री उईके ने निरीक्षण के दौरान बच्चों से आंगनबाड़ी केंद्र में होने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान पांच वर्षीय बच्ची निजिया निषाद सहित सभी बच्चों ने सामूहिक रूप से बाल गीत प्रस्तुत किया।बच्चों की सीखने की ललक और उत्साह देखकर कलेक्टर ने प्रसन्नता व्यक्त की और उनकी सराहना की।उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए और भी बेहतर प्रयास करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री उईके ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में कुपोषण मुक्ति और शिशु विकास की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। यहां बच्चों को पोषण के साथ शिक्षा और संस्कार की भी नींव मिलती है। उन्होंने बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण, समय पर टीकाकरण और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने पर विशेष जोर देने को कहा।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बच्चों के लिए स्वच्छ वातावरण, खेलकूद सामग्री और रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों की खुशहाल मुस्कान ही सरकार की योजनाओं की सफलता का प्रतीक है। इस अवसर पर ग्रामीणजन भी उपस्थित रहे।

## गरियाबंद में कलश स्थापना के साथ आरंभ हुआ शारदीय नवरात्र महापर्व

### 301 ज्योति कलश, माँ दुर्गा के जयकारों से गूँज उठा शिव दुर्गा मंदिर परिसर, भक्तों का उमड़ा जनसैलाब



**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** शक्ति की आराधना का महापर्व शारदीय नवरात्रि आज विधि-विधान के साथ प्रारंभ हो गया। 22 सितंबर से 1 अक्टूबर तक चलने वाले इस पावन पर्व की शुरुआत सोमवार को शुभ मुहूर्त प्रातः 11:36 बजे शिव दुर्गा मंदिर में कलश स्थापना और दीप प्रज्वलन के साथ हुई।समिति सदस्यों ने बताया कि इस बार मंदिर परिसर में 301 ज्योति कलश की स्थापना की गई है। पहले दिन से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु माँ दुर्गा के दर्शन एवं पूजन हेतु मंदिर पहुंचे। भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा है। नवरात्रि के अवसर पर प्रतिदिन सुबह-शाम भजन-कीर्तन, आरती और श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन भी होगा, जिसका वाचन पंडित राम कुमार शर्मा द्वारा किया जा रहा है।

कार्यक्रम में संरक्षक बृजलाल चंद्रकार,अध्यक्ष शत्रुघ्न साहू,उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश मानिकपुरी,केशो राम साहू,शिव कुमार वर्मा,विजय कुमार साहू, मोहन लाल देवांगन,रमेश मेश्राम,सोहन देवांगन, आशीष तिवारी और वर्षा तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## राज्य स्तरीय बाढ़ आपदा प्रशिक्षण हेतु मॉक ड्रिल 25 सितम्बर को

### मरौदा एवं तौरेंगा जलाशय में आपदा प्रबंधन की होगी परख

**गरियाबंद।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गृह मंत्रालय भारत सरकार,छत्तीसगढ़ राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गरियाबंद के संयुक्त तत्वावधान में जिले में राज्य स्तरीय बाढ़ आपदा प्रशिक्षण मॉक एक्सरसाइज आयोजित किया जाएगा।यह मॉक ड्रिल 25 सितम्बर 2025, गुरुवार को प्रातः 11 बजे मरौदा जलाशय (ग्राम मरौदा, तहसील गरियाबंद) तथा तौरेंगा जलाशय (ग्राम तौरेंगा,तहसील छुरा,) में होगा।इस दौरान आपदा की परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों की परख की जाएगी और आम नागरिकों को बाढ़ आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर बी एस उईके ने सार्वजनिक सूचना जारी की है।

कलेक्टर ने बताया कि यह केवल एक प्रशिक्षण प्रक्रिया है,इसलिए नागरिकों को घबराने की आवश्यकता नहीं है।मॉक ड्रिल के माध्यम से आपदा के समय राहत एवं बचाव कार्यों की वास्तविक स्थिति का अभ्यास किया जाएगा, जिससे अधिकारियों,कर्मचारियों एवं स्थानीय नागरिकों को आपातकालीन परिस्थिति का अनुभव मिल सके। मॉक ड्रिल के संबंध में नागरिकों के लिए विशेष निर्देश जारी किए गए है। इसके अनुसार अभ्यास के दौरान शांति बनाए रखें और किसी प्रकार की घबराहट न फैलाएं।अफवाहों से दूर रहें और दूसरों को भी सही जानकारी दें। मॉक ड्रिल में प्रशासन को सहयोग प्रदान करें। जिला प्रशासन ने अपील की है कि नागरिक अपने-अपने स्तर पर सहयोग दें,क्योंकि आपदा के समय जनता की भागीदारी और सजगता सबसे महत्वपूर्ण होती है। मॉक ड्रिल की सफलता आपदा प्रबंधन की तैयारियों को मजबूत करेगी और जिले को संभावित आपदाओं से निपटने में सक्षम बनाएगी।

## कुरकुरे ने पूरे किए 25 साल, मिलेट-आधारित ज्वार पफ्स लॉन्च कर बढ़ाई पेप्सिको इंडिया की स्नैकिंग विरासत

**मुंबई:** पेप्सिको इंडिया का मशहूर देसी स्नैक ब्रांड कुरकुरे0अपनी 25वीं सालगिरह मना रहा है। इस खास अवसर पर ब्रांड ने 'कुरकुरे0 ज्वार पफ्स' पेश किए हैं। इसी के साथ कुरकुरे ने बेहतरीन स्वाद और एक्साइटमेंट की पावर को साथ लाते हुए भारत की मिलेट-बेस्ड (मोटे अनाज आधारित) स्नैकिंग कैटेगरी में कदम रख दिया है। इसे देखकर कहा जा सकता है कि 'इससे अच्छा क्या होगा?' बेक्ड (नॉट फ्राइड) कुरकुरे0 ज्वार पफ्स से लोगों को अपने पसंदीदा इन्ग्रेडिएंट्स का मॉडर्न फॉर्मेट में आनंद लेने का मजेदार और स्वाद से भरपूर मौका मिलेगा।

भारत में खानपान की संस्कृति बदलाव के दौर से गुजर रही है। अब उपभोक्ता बेहतरीन स्नैकिंग ऑप्शन तलाशते हुए पारंपरिक इन्ग्रेडिएंट्स की ओर कदम बढ़ा रहे हैं और ऐसे घरेलू ब्रांड्स को अपना रहे हैं, जो स्थानीय लोगों एवं अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में भूमिका निभाते हैं। इन बदलावों के साथ मिलेट्स की ओर बढ़ते रुझान ने पेप्सिको इंडिया को पारंपरिक अनाजों को आज की पीढ़ी के सामने नए तरीके से पेश करने का अनूठा अवसर दिया है।

पिछले 25 साल में मेड-इन-इंडिया कुरकुरे ने गर्व के साथ भारतीय उपभोक्ताओं के लिए नए एवं स्वादिष्ट उत्पाद तैयार किए हैं।

## कलेक्टर उईके की अध्यक्षता में जेम पोर्टल कार्यशाला संपन्न



### अधिकारियों-कर्मचारियों को दी गई आवश्यक जानकारी व निर्देश

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ शासन के भण्डार क्रय नियम 2002 (संशोधित) तथा भारत शासन के जेम पोर्टल के प्रावधानों के तहत शासकीय खरीदी की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने हेतु आज संयुक्त जिला कार्यालय,सभाकक्ष गरियाबंद में कार्यशाला आयोजित की गई।इस कार्यशाला की अध्यक्षता कलेक्टर बी.एस.उइके ने की।उन्होंने अधिकारियों कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप अब समस्त शासकीय खरीदी जेम पोर्टल के माध्यम से ही की जानी है।इसके लिए सभी विभागीय अधिकारियों को समय पर प्रशिक्षण लेकर पोर्टल का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करना होगा।कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता और समयबद्धता लाना विभागों की प्राथमिक जिम्मेदारी है।उन्होंने कहा कि जेम पोर्टल के माध्यम से न केवल विभागीय खरीदी में सरलता आएगी बल्कि भ्रष्टाचार पर भी अंकुश लगेगा।इस अवसर पर महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग एवं केंद्र सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यशाला में कार्यालय प्रमुख,आहरण एवं संवीतन अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया तथा जेम पोर्टल के तकनीकी पक्षों की विस्तृत जानकारी दी गई। कलेक्टर ने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे कार्यशाला से प्राप्त जानकारी को व्यवहार में उतारकर जिले की खरीदी प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाएँ।


## नाम परिवर्तन

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पिंकी साव, पति-श्री अधेशकुमार कन्हैयालाल साव, उम्र 30 वर्ष, पता-मकान नं.-469, सिरसा रोड, शीतला तालाब के पास, आर्य नगर, कोहका, पोस्ट सुपेला भिलाई, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) की हूं। मेरे पति के आधार कार्ड, लिविंग सर्टिफिकेट व अन्य दस्तावेजों में उनका नाम-अधेशकुमार कन्हैयालाल साव दर्ज है तथा मेरे आधार कार्ड, शैक्षणिक दस्तावेज व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम पिंकी साव दर्ज है जो कि मेरा व मेरे पति का सही नाम है।

मेरा पुत्र अथर्व साव, जा कि वर्तमान में कक्षा-दूसरी में अध्ययनरत है जिसके स्कूल के दस्तावेजों, दाखिला पंजी व पिछले कक्षा के अंकसूची में पिता का नाम-अधेश कुमार साव दर्ज है तथा माता अर्थात मेरा नाम पिंकी अधेश कुमार साव दर्ज है जो कि दोनों ही त्रुटिपूर्ण नाम है। मेरे पुत्र अथर्व साव के जन्म प्रमाण पत्र में पिता का सही नाम-अधेशकुमार कन्हैयालाल साव (ADHESHKUMAR KANHAIYALAL SAO) दर्ज है व माता का सही नाम-पिंकी साव (PINKI SAO) दर्ज है। नाम में एकरूपता लाने हेतु मैं, अपने पुत्र अथर्व साव के स्कूल के दस्तावेजों, दाखिला पंजी व अंकसूची में जहां पर भी पिता का नाम अधेश कुमार साव दर्ज है, के स्थान पर संशोधन कर पिता का सही नाम-अधेशकुमार कन्हैयालाल साव (ADHESHKUMAR KANHAIYALAL SAO) एवं जहां पर भी माता का नाम-पिंकी अधेश कुमार साव दर्ज है, के स्थान पर संसोधन कर माता अर्थात मेरा सही नाम-पिंकी साव (PINKI SAO) दर्ज करवाना चाहती हूं।

अत: मेरे पुत्र अथर्व साव के स्कूल के दस्तावेजों, दाखिला पंजी व अंकसूची में दर्ज पिता का नाम-अधेश कुमार साव के स्थान पर आगे भविष्य में मेरे पुत्र के समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय, पर्सनल रिकार्ड / अभिलेखों / दस्तावजों में परिवर्तित / संशोधित नाम-अधेशकुमार कन्हैयालाल साव (ADHESHKUMAR KANHAIYALAL SAO) लिखना चाहती हूं उसी प्रकार मेरे पुत्र अथर्व साव के स्कूल के दस्तावेजों, दाखिला पंजी व अंकसूची में दर्ज माता का नाम पिंकी अधेश कुमार साव के स्थान पर आगे भविष्य में मेरे पुत्र के समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय, पर्सनल रिकार्ड/अभिलेखों / दस्तावेजों में परिवर्तित / संशोधित माता का नाम-पिंकी साव (क्कढ्ढहृयढ्ढ स्ह्र) लिखना चाहती हूं।

**आवेदिका**

**पिंकी साव, पति-श्री अधेशकुमार कन्हैयालाल साव, उम्र-30 वर्ष, पता-मकान नं.-469, सिरसा रोड, शीतला तालाब के पास, आर्य नगर, कोहका, पोस्ट सुपेला भिलाई, तहसील व जिला-दुर्ग ( छ.ग. ) मो.नं.-74770-95770**


## त्योहारों की चमक और रोजमर्रा का आराम: डॉलर मिस्सी नये फेस्टिव कलेक्शन का शुभारंभ



**मुंबई :** त्योहारों के मौसम से ठीक पहले, डॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेडने अपने महिला वस्त्र ब्रांड, डॉलर मिस्सीका नया फेस्टिव कलेक्शन लॉन्च किया है, जो एक रोमांचक विज्ञापन अभियान मिस्सी ने बना दी जोड़ीके साथ परफेक्ट परिधानों की जोड़ियों की शक्ति का उत्सव मनाता है.

नया कलेक्शनरिच फेस्टिव रंगों, फिगर को निखारने वाले फिट्सऔरवर्सेटाइल डिज़ाइन्ससे सुसज्जित है, जो आज की महिलाओं की स्टाइल की जरूरतों को पूरा करने के लिये बारीकी से तैयार किया गया है. स्टाइलिश ट्यूनिक, एलिगेंट कुर्तियों या कैजुअल टॉप्स के साथ मिलाकर पहनने परमिस्सी लेगिंग्सहर पहनावे को और आकर्षक बना देती हैं, जिससे वे इस सीजन के लिये ज़रूरी बन जाती हैं. यह अभियान एक नये, फैशन-फ़ॉरवर्ड फेस्टिव कलेक्शन को प्रस्तुत करता है, जो आराम, रंग और आधुनिक शैली को जोड़ता है.

त्योहारों का मौसम अच्छा दिखने और अच्छा महसूस करने के बारे में है, और हमारे नये डॉलर मिस्सी कलेक्शन के साथ, हमने आराम और फेस्टिव आकर्षण का बेहतरीन संगम बनाया है. यह लॉन्च जीवंत रंगों, वर्सेटाइल स्टाइल्स और उस आत्मविश्वास का उत्सव है, जो परफेक्ट फिट से आता है. हमारा नया टीवीसी, जिसमेंडॉलर मिस्सी की ब्रांड एम्बेसडर यामी गौतमनज़र आ रही हैं, उस भावना को खूबसूरती से दर्शाता है, यह दिखाते हुए कि मिस्सी लेगिंग्स किस तरह हर फेस्टिव लुक को सहज आकर्षण के साथ पूरा करती हैं, श्रीविनोद कुमार गुप्ता, प्रबंध निदेशक, डॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने कहा. अभियान के बारे में बात करते हुए, सुश्री यामी गौतम, ब्रांड एम्बेसडर, डॉलर मिस्सी ने कहा - मैं ऐसी इंसान हूं जो हमेशा अपनी वॉर्डरोब को मिक्स और मैच करती हूं — एक दिन कुर्ति, अगले दिन एक हल्का टॉप. मुझे डॉलर मिस्सी लेगिंग्स के बारे में जो सबसे अच्छा लगता है, वह यह है कि वे हर बार बिल्कुल सही बैठती हैं. जब मैं आराम महसूस करना चाहती हूं और साथ ही अच्छे से तैयार भी दिखना चाहती हूं, तब ये मेरी पहली पसंद होती हैं. यही वह जादू है जिसका यह अभियान जश्न मनाता है.


### न्यायालय नजूल अधिकारी, जिला-कबीरधाम. (छ.ग.)

//ईश्तहार//

रा.प्र.क्र. / ई. पंजी./202509082200030/ अ 20( 1 ) वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेश्वर शर्मा पिता स्व. प्रीत कुमार शर्मा साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम द्वारा नजूल नगर कवर्धा स्थित शीट क्रं.-15सी भू-खण्ड क्रं. 46 क्षेत्रफल 133.00 व.मी. जो नजूल जांच रजिस्टर वर्ष 1974-75 में धारक प्रीत कुमार वल्द राम प्रसाद पाण्डेय के नाम पर साकिन कवर्धा के नाम पर दर्ज है। मूल धारक की मृत्यु दिनांक 04.06.2018 एवं उनकी पत्नि रामबती शर्मा की मृत्यु दिनांक 30.04.2021 को हो जाने से उनके वैध वारिसों के नाम पर नजूल भू-भाटक जमा करने हेतु नजूल भूमि का निर्धारण किये जाने बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव निर्धारण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 6/10/2025 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर मान्य नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 18/9/2025 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक:- 18/9/2025

पेशी दिनांक:- 6/10/2025

मुहर

**नजूल अधिकारी**
**कबीरधाम**

### न्यायालय तहसीलदार उप तह. भंवरपुर जिला-महासमुंद (छ.ग.)

//ईश्तहार//

क्रमांक /407/क/वा-1/तह./2025

दिनांक 19/09/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण के लिए सूचनार्थ प्रकाशन कराया जाता है कि आवेदक/आवेदिका विश्वामित्र पिता-उलज निवासी कोलिहादेवरी तहसील बसना के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया कि आवेदक/आवेदिका अपने स्वयं माता सीरिसा साहू का दिनांक 22/01/2022 को स्थान कोलिहादेवरी में मत्यु हुआ है। उक्त मत्यु का पंजीयन नही हो पाने के कारण उक्त तिथि में स्वयं माता सीरिसा साहू के मत्यु की घटना पंजीकृत किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार का आपेक्ष/दावा हो अथवा आवेदन-पत्र प्रस्तुत करना करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 03/10/2025 को उपस्थित होकर पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19/09/2025 को मेरे तस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से यह ईश्तहार जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**भंवरपुर**

### न्यायालय तहसीलदार उप तह. भंवरपुर जिला-महासमुंद (छ.ग.)

//ईश्तहार//

क्रमांक /406/क/वा-1/तह./2025

दिनांक 19/09/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण के लिए सूचनार्थ प्रकाशन कराया जाता है कि आवेदक/आवेदिका विश्वामित्र पिता-उलज निवासी कोलिहादेवरी तहसील बसना के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया कि आवेदक/आवेदिका अपने स्वयं पुत्री रश्मि साहू का दिनांक 25/07/2007 को स्थान कोलिहादेवरी में जन्म हुआ है। उक्त जन्म का पंजीयन नही हो पाने के कारण उक्त तिथि में स्वयं पुत्री रश्मि साह के जन्म की घटना पंजीकृत किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार का आपेक्ष/दावा हो अथवा आवेदन-पत्र प्रस्तुत करना करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 03/10/2025 को उपस्थित होकर पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19/09/2025 को मेरे तस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से यह ईश्तहार जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**भंवरपुर**

# बलिदानी राजा गुरु बालकदास.. छत्तीसगढ़ की पहली ऐतिहासिक बायोपिक फिल्म

**महासमुन्द ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ के इतिहास पर आधारित भव्य फिल्म बलिदानी राजा गुरु बालकदास 19 सितम्बर 2025 को प्रदेश के सभी सिनेमाघरों एवं नागपुर के जैश्री टॉकीज़ में एक साथ रिलीज़ होने जा रही है। यह प्रदेश की पहली ऐतिहासिक बायोपिक है, जो अमर शहीद गुरु बालकदास जी के जीवन, उनके संघर्ष और बलिदान की अमर गाथा को बड़े पर्दे पर जीवंत करती है। फिल्म में गुरु बालकदास जी की मुख्य भूमिका अभिनेता ओम त्रिपाठी ने निभाई है। साथ ही फिल्म में वरिष्ठ नेता एवं




कलाकार कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, पूर्व मंत्री अमरजीत भगत, पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, तथा कलाकार सान्या कम्बोज, नेहा शुक्ला, अमरौटिन घरियालहरे, किस कुर्रे, पुष्पेंद्र सिंह, डॉ. अजय सहाय आदि भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नज़र आएंगे।

फिल्म का निर्देशन आमिर पति ने किया है तथा निर्माण डॉ. जे.आर. सोनी और रविंद्र सोनी द्वारा किया गया है। संगीत निर्देशन का दायित्व हैप्पी मिश्रा ने संभाला है। निर्माताओं का कहना है कि यह फिल्म केवल मनोरंजन नहीं बल्कि प्रदेश की जनता को अपने गौरवशाली अतीत और क्रांतिकारी संतों की परंपरा से जोड़ने का एक प्रयास है। यह फिल्म युवा पीढ़ी को प्रेरित करेगी और छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर को राष्ट्रीय पटल पर स्थापित करेगी।

यह फिल्म जाति पांति की दीवार को तोड़ता , सामन्तवादी व्यवस्था पर प्रहार करते हुए लोकतांत्रिक्र व्यवस्था के जीवंतता पर भी छाप छोड़गी।

समरसता अर्थात समता और बंधुत्व के साथ जीवन जीओ और जीने दो जैसे मूल्यों की शिक्षा देती है ।

## संक्षिप्त-खबर

### पुरानी रंजिश को लेकर महिला के सिर पर रॉड से हमला, रिपोर्ट दर्ज




**पिथौरा ( समय दर्शन )।** पिथौरा के वार्ड क्रमांक 12 रानीसागर पारा पिथौरा निवासी एक महिला ने थाना पिथौरा में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 20 सितंबर की शाम करीब 5.15 बजे पुरानी मछली बाजार से सब्जी खरीदकर लौटते समय रास्ते में समीर देवार और दीवान देवार ने उस पर और उसकी देवरानी पर जानलेवा हमला कर दिया। पीड़िता के अनुसार दोनों आरोपी स्वीपर कॉलोनी की ओर से लोहे की रॉड लेकर आए और पुरानी लड़ाई-झगड़े को लेकर अश्लील गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद दोनों ने उसकी देवरानी रानी के सिर और पीठ पर रॉड से वार कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर वहीं पर गिर गई और उसके सिर से खून बहने लगा। बीच-बचाव करने पर शिकायतकर्ता को भी समीर देवार ने रॉड से उसके दाएं हाथ में चोट पहुंचाई। घायल रानी देवार को पहले शासकीय अस्पताल पिथौरा ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए महासमुंद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वर्तमान में वह जिला अस्पताल में भर्ती है। महिला की रिपोर्ट पर थाना पिथौरा पुलिस ने धारा 109-बीएनएस, 296-बीएनएस, 3(5)-बीएनएस, 351(3)-बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### नवरात्र के पहले दिन नारी शक्ति ने दिया सफाई का संदेश, ग्राम अचानकपुर में श्रम दान कर चौक चौराहों की सफाई किया



**पाटन (समय दर्शन)।** ग्राम पंचायत अचानकपुर में सरपंच देवानंद साहू के मार्गदर्शन में जितने भी महिला समूह है उनके सदस्यों द्वारा माह में एक दिन श्रम दान कर गांव की साफसफाई किया जाता है। इसी कड़ी में इस माह नवरात्र के पहले दिन सोमवार को महिला समूह के सदस्यों द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान महिलाओं ने गांव के सार्वजनिक चौक चौराहा की सफाई किया। अंत में सरपंच देवानंद साहू के नेतृत्व में स्वच्छता का संकल्प भी लिया गया। इस अवसर पर सभी महिला समूह के सदस्य मौजूद रहे।

### स्वच्छता सेवा पखवाड़ा: बुद्धू तालाब में सफाई के लिए उतरी पूरी टीम, नपं अध्यक्ष निक्की भाले ने जनता से की अपील सफाई के लिए संकल्प ले



**पाटन (समय दर्शन)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन से शुरू स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अब जोर पकड़ने लगी है। आज नगर पंचायत को पूरी टीम अध्यक्ष निक्की भाले के नेतृत्व में बुद्धू तालाब की सफाई के लिए तालाब में उतरे। निक्की भाले ने आम जनता से भी अपील किया है कि सफाई कार्य में जुट जाए। स्वच्छ पाटन सुन्दर पाटन का परिकल्पना को साकार करे। इस दौरान सीएमओ हेमन्त वर्मा, उपाध्यक्ष निशा सोनी, मंडल अध्यक्ष रानी केशव बंछोर सहित भाजपा कार्यकर्ता, पार्षदगण अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहें ।

### तेज रफ्तार ट्रक हुई अनियंत्रित, सड़क को डिवाइडर से टकराई, सुबह शराब के नशे में ट्रक ड्राइवर ने किया हंगामा



**पाटन (समय दर्शन)।** पाटन से दैमार चौक के मध्य साईं मोटर गैरेज के सामने एक तेज रफ्तार ट्रक सड़क पर बने डिवाइडर से जा टकराई। गाड़ी की रफ्तार का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि लोक निर्माण विभाग के सूचना बोर्ड , लोगे के गार्डर को तोड़ते हुए डिवाइडर को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना रात्रि के करीब 10 बजे की बताई जा रही है। वही घटना के बाद ड्राइवर वही पर हंगामा करने लगा। आज सुबह घटना स्थल पर सैकड़ों की संख्या में भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों के मुताबिक ट्रक ड्राइवर सुबह शराब के नशे में धुत्त होकर सड़क पर हो गाड़ी के सामने सो गए थे। इसी रास्ता से गुजर रहे पाटन के एसडीएम ने पाटन थाना प्रभारी को सूचना दी तब मौके पर पुलिस पहुंची। जानकारी के मुताबिक शराब के नशे में धुत्त ट्रक ड्राइवर को पुलिस थाना लें गई।

# नशामुक्ति की दिशा मे ग्राम लक्ष्मीपुर

- ग्राम लक्ष्मीपुर में अवैध शराब बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने पिथौरा थाना प्रभारी को दिया गया ज्ञापन
- नशा मुक्त समाज की आवश्यकता-सरपंच अंजू पटेल





**पिथौरा ( समय दर्शन )।** महासमुंद जिले के पिथौरा विकासखंड के के अंतर्गत ग्राम लक्ष्मीपुर के ग्रामीण जन एकजुट होकर सामुहिक रूप से ,ग्राम मे अवैध शराब बंद करने का ज्ञापन पिथौरा थाना प्रभारी उमेश वर्मा को दिया गया ।

इस पुण्य कार्य की सफलता के लिए ग्राम के प्रबुद्धजन एकजुट होकर ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर में ग्राम सभा की आवश्यक बैठक रखकर ग्राम की उन्नति के लिए एकमत हुए । जिसमें सरपंच श्रीमती अंजू सत्यनारायण पटेल की अध्यक्षता में यह बैठक संपन्न हुआ। इस बैठक में ग्राम लक्ष्मीपुर में अवैध रूप से शराब बिक्री के संबंध में चर्चा की गई। चर्चा के दौरान यह बात भी निकल कर सामने आई कि, शराब से गांव की शांति भंग हो रही है। छोटे नाबालिक बच्चों को शराब की लत लग रही है। नशापान के चलते गाली गलौज मारपीट हो रहा है।

ग्राम के विभिन्न विकास कार्य भी नशे से बाधित हो रहा है। सभी गंभीर विषयों को लेकर चर्चा परिचर्चा पश्चात निर्णय लिया गया कि गांव में अब अवैध शराब की बिक्री नहीं होगी। अब तक देखा गया है, अधिकांश विवादों का जड़ शराब होता है। अपराध का जड़ शराबी होता है। क्यों ना गांव-गांव में शराब बंद किया जाए और एक नशा मुक्त समाज और गाँव का निर्माण किया जाए।

# रेत के अवैध उत्खनन पर कड़ी कार्रवाई, एक चेन माउंटेन वाहन जब्त



**महासमुंद (समय दर्शन)।** महासमुन्द कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने के लिए खनिज विभाग द्वारा सतत कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में संयुक्त टीम द्वारा महासमुंद विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम केडियाडीह तहसील के महानदी क्षेत्र में अवैध रूप से अवैध रेत उत्खनन करते हुए एक चेन माउंटेन जब्त किया गया।

वाहन को जब्त कर सुरक्षार्थ तुमगांव थाना में खड़ा किया गया है। खनिज अधिकारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि उक्त वाहनों पर खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस प्रकरण में 2 से 5 वर्षों की सजा का प्रावधान है और संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया जाएगा। पूर्व में भी खनिज पट्टेदारों एवं खनिज परिवहनकर्ताओं को स्पष्ट निर्देश दिए जा चुके हैं कि बिना वैध अभिवहन पास के खनिज का उत्खनन, परिवहन या भंडारण करना कानूनन अपराध है। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु खनिज विभाग का विशेष अभियान सतत जारी रहेगा और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# विराट नगर बोरसी में विराट रूप में विराजित हुई मां दुर्गा

## 22 सितंबर से 2 अक्टूबर तक होंगे विविध आयोजन

**दुर्ग ( समय दर्शन )।** जन जागरण दुर्गोत्सव समिति द्वारा विराट नगर बोरसी में आयोजित नवरात्रि उत्सव एक प्रमुख धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजन है, जिसमें देवी मां दुर्गा की पूजा-अर्चना और विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। यह आयोजन पिछले चार वर्षों से सफलतापूर्वक किया गया और इस वर्ष बड़े हर्ष व उल्लास के साथ मां दुर्गा जी की सेवा आराधना की जा रही है। सोमवार 22 सितंबर को कलश स्थापना वह वेदी पूजा पंडित पूर्णानंद तिवारी के पांडित्य में की गई । 22 सितंबर से 2 अक्टूबर तक नौ दिवसीय कार्यक्रम में 23 सितंबर को रात्रि 9 बजे गरबा नृत्य,24 बुधवार को नृत्य प्रतियोगिता 12 वर्ष तक के बच्चो के लिए,25 सितंबर गुरुवार अजय शीतला झांकी परिवार अर्जुन्दा द्वारा जस झांकी की प्रस्तुति,26 को नृत्य प्रतियोगिता 13 से 18 वर्ष के बच्चों के लिए,27 सितंबर शनिवार को लोक संध्या मंडली रायपुर के द्वारा पारंपरिक लोक रंग कार्यक्रम की प्रस्तुति 28 सितंबर रविवार को सभी उम्र के बच्चों के लिए रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता 29 सितंबर सोमवार को महिलाओं द्वारा छत्तीसगढ़ी लोक पारंपरिक नृत्य की प्रस्तुति एवं महा अष्टमी को हवन प्रात: 9:00 बजे से कन्या भोज व महा भंडारा का आयोजन होगा । संस्था के अध्यक्ष किशोर शर्मा व सचिव महाबीर साहू ने संयुक्त रूप से बताया की 30 सितंबर को विशेष आयोजन भक्ति संध्या में बच्चों द्वारा कंठस्थ मंत्रोपचार प्रतियोगिता 7:30 बजे से व महिलाएं बच्चों के लिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। 1 अक्टूबर महानवमी बुधवार को खेल प्रतियोगिता व पुरस्कार वितरण एवं 2अक्टूबर को झांकी एवं माता जी की मूर्ति को विसर्जित किया जाएगा



कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण:

- देवी स्थापना: नवरात्रि के दौरान देवी दुर्गा की प्रतिमा स्थापित गई और नौ दिनों तक उनकी पूजा-अर्चना होगी
- भक्ति संध्या: रात में भजन और कीर्तन का आयोजन किया जाएगा जिसमें भक्त देवी की भक्ति में लीन होते हैं।
- नृत्य प्रतियोगिता: गरबा और अन्य पारंपरिक नृत्यों की प्रतियोगिता आयोजित होगी

हवन पूजन: नवरात्रि के अंतिम दिन हवन पूजन व पूर्णाहुति के बाद महा आरती की जाएगी।

- कन्या पूजन और महा भंडारा: अष्टमी तिथि पर कन्या पूजन और महा भंडारे का आयोजन होगा, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे।जन जागरण दुर्गोत्सव समिति के सदस्य नवरात्रि उत्सव को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं और यह आयोजन विराट नगर बोरसी के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजन है

इस आयोजन को वृहद व सफल बनाने समिति के सरक्षक-ए.डी. टंडन,डॉ.के.के.पाटिल,साजन जोसेफ पोषण लाल साहू

अध्यक्ष - किशोर शर्मा उपाध्यक्ष - भोले राम साहू ,भोज लाल हिरवानी, श्रीमती सुमति सिन्हा सचिव - महावीर साहू सहसचिव - डी आर सिन्हा मनेन्द्र साहू कोषाध्यक्ष - विजय यादव सह कोषाध्यक्ष - राकेश साहू , खिलेश साहू, विनय गजपाल सास्कृतिक सचिव - शशि कुमार साहू सांस्कृतिक सह सचिव - खिलावन निषाद, हुमन सिंह ध्रुव सांस्कृतिक सचिव (महिला) - श्रीमती हेमलता साहू सांस्कृतिक सह सचिव -श्रीमती गायत्री हिरवानी, श्रीमती खेम साहू, श्रीमती वर्षा बंजारे, श्रीमती पूनम साहू, श्रीमती वर्षा साहू मिडिया प्रभारी- अशीष ठाकुर, अभिषेक साहू ,लंगर प्रभारी - खिलू राम साहू, सुरेश साहू, ओमप्रकाश तितरमारे ,सलाहकार - एस एल. यादव सौरभ साहू, लालजी यादव, श्रीमती निर्मला यादव, श्रीमती डामिन टंडन, श्रीमती भुनेश्वरी साहू युवा प्रकोष्ठ विजय गोतम, राहूल साहू , खुशाल साहू (आयुष), प्रवीन यादव, शेलेश देवागन, संजय अष्टकर, बलराम यादव, दिनेश साहू, निखिल साहू , अक्षत ठाकुर सहित समस्त बोरसी वासी जुटे हुए हैं।

# राजमिस्त्री प्रशिक्षण से महिलाएं हो रही है आत्मनिर्भर, ग्राम ढ़ौर में 30 दिवसीय प्रशिक्षण के बाद प्रमाण पत्र वितरित



**पाटन ( समय दर्शन )।** दुर्ग जिला अंतर्गत पाटन ब्लॉक के ग्राम पंचायत ढ़ौर में बैंक ऑफ़ बड़ौदा आर से डी द्वारा 30 दिवसीय राजमिस्त्री प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आजीविका मिशन से जोड़कर सशक्त बनाना है। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद ग्राम पंचायत में 35 महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। जनपद पंचायत पाटन के सीईओ जागेंद्र साहू द्वारा महिलाओं को प्रशिक्षण का पूर्ण लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया । शासन द्वारा उनके हित में किए जा रहे प्रयासों से अवगत कराए गए। अतिरिक्त सीईओ श्वेता यदु द्वारा महिलाओं को समूह के माध्यम से नियमित रूप से राजमिस्त्री का कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया। आरसेटी डायरेक्टर गुलशन द्वारा प्रशिक्षण में दी गई जानकारी को स्वयं तक सीमित न रखकर उसका उपयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। सरपंच श्रीमती मेघा ठाकुर द्वारा सभी अधिकारियों, प्रशिक्षकों और ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया गया,। इस अवसर पर जिला आवास योजना प्रभारी वेदप्रकाश भीमसेन गुप्ता बीपीएम सागर पंसारी अमित द्विवेदी पंचायत सचिव प्रदीप चंद्राकर राहुल साहू प्रशिक्षक अमित कुमार सुशील ठाकुर निशांत साहू सहित समूह की महिलाएं उपस्थित रहे

# आत्म निर्भर बनने की संकल्प को जीवंत करने की दिशा मे अग्रसर भारत- श्रीमती रूपकुमारी चौधरी

- पुन: विश्व गुरू बनने की दिशा मे बढ़ता भारत

**महासमुन्द (समय दर्शन)।** महासमुन्द लोकसभा की लोकप्रिय सांसद,आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की प्रदेश संयोजक तथा भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि 25 सितम्बर का पावन दिवस, जब राष्ट्र अपने महान मार्गदर्शक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती मनाता है, और 25 दिसम्बर का गौरवशाली दिन, जब भारत अपने युगपुरुष, हमारे प्रेरणाश्रोत भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती का स्मरण करता है – देश के यशस्वी प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एवम् प्रधानमन्त्री की दूरदर्शिता ने सबका साथ,सबका विकास,सबका विश्वास,सबका प्रयास के मूल मूलमंत्र को चरितार्थ करते हुए इन दोनों तिथियों के बीच का यह तीन माह का कालखंड आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को जीवंत करने के लिए इतिहास का साक्षी बनने जा रहा है।



इसी अवधि में राष्ट्रव्यापी आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान का भव्य आयोजन किया जा रहा है, जो केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जन-जन के हृदय में स्वावलंबन का दीप प्रज्वलित करने वाला आंदोलन है।

इस अभियान का लक्ष्य है भारत को उस ऊँचाई तक ले जाना, जहाँ हर किसान अपने खेत में आत्मनिर्भर हो, हर युवा अपने कौशल से अवसर रचे, हर महिला सशक्त होकर परिवार और समाज को नई दिशा दे, हर गाँव विकास की मुख्यधारा से जुड़े और हर नागरिक गर्व से कह सके – मेरा भारत आत्मनिर्भर है। यह अभियान हमें हमारी जड़ों से जोड़ते हुए आधुनिक तकनीक से भी सुसज्जित करेगा। कृषि से उद्योग, शिक्षा से स्वास्थ्य, पर्यावरण से ऊर्जा और अर्थव्यवस्था से सामाजिक समरसता तक, हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ज्योति प्रज्वलित होगी।

तीन माह तक गाँव-गाँव, नगर-नगर, कार्यशालाओं, जनसंवादों, प्रदर्शनियों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से यह संदेश पहुँचाया जाएगा कि आत्मनिर्भर भारत ही भविष्य का सशक्त भारत है। इस दौरान मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और महिला सशक्तिकरण जैसे संकल्पों को जन-जन तक पहुँचाकर आत्मनिर्भरता को राष्ट्रीय जीवन का मंत्र बनाया जाएगा।

यह केवल सरकार की योजना नहीं, बल्कि राष्ट्र का सामूहिक संकल्प है। यह केवल आर्थिक विकास की पहल नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पुनर्जागरण का अभियान है। यह केवल तीन माह का कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाले भारत की दिशा तय करने वाला महायज्ञ है।

आइए, 25 सितम्बर से 25 दिसम्बर तक हम सब मिलकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के अंत्योदय के विचार और श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने की दिशा में एकजुट हों। आत्मनिर्भर भारत केवल हमारा लक्ष्य नहीं, बल्कि हमारी पीढ़ियों का गौरव, हमारे राष्ट्र का भविष्य और हमारी आस्था का प्रतीक है।

आत्मनिर्भर भारत ही विश्वगुरु भारत का मार्ग है। आइए, राष्ट्र के पुनर्निर्माण के इस महाअभियान में हम सब भागीदार बनें।

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग ( छ.ग. ) 491111 से मुद्रित कर बी-4, प्रेस काम्प्लेक्स, इंदिरा मार्केट, दुर्ग छ.ग. 491001 से प्रकाशित। संपादक :- रोहित खड़तकर,
समाचार संपादक : दामोदर राव, फोन नं.-0788-4051213, मो. 9827104452, रायपुर कार्यालय:-0771-4218364, ईमेल - samay.darshan191@gmail.com पं. क्र. CHHHIN/2011/41517 डाक पंजीयन क्रमांक छ.ग./दुर्ग/61/2024-26